


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 161 गुरुवार, 23 जुलाई 2026 आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ-12 मूल्य : 05 रूपया






## सार संक्षेप

### मेदांता अस्पताल के बाहर विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोका

**नई दिल्ली।** मेदांता अस्पताल के बाहर ही पुलिस बल ने विपक्षी सांसदों को रोक लिया कि वे अंदर नहीं जा सकते। विपक्षी सांसदों ने कहा कि वे 51 सांसदों की साइन की हुई चिट्ठी लेकर आए हैं और सोनम वांगचुक से मिलकर अनशन तोड़ने की अपील करना चाहते हैं। अंदर नहीं जाने देने पर सांसद अस्पताल के बाहर ही जमीन पर बैठ गए। कुछ देर बाद डॉक्टरों का ग्रुप उनसे मिलने आया तो भी सांसद नहीं उठे। फिर सोनम वांगचुक की पत्नी आई तो सांसदों ने उन्हें चिट्ठी देकर कहा कि सोनम वांगचुक देश के लिए अहमियत रखते हैं और देश को उनकी जरूरत है, उन्हें अनशन तोड़ देना चाहिये। सोनम वांगचुक की पत्नी ने कहा कि मैं उनको ये चिट्ठी देकर आपका संदेश बता दूंगी। उन्होंने ये भी मांग रखी कि धरने पर बैठे युवाओं व लोगों पर अब किसी प्रकार का बल प्रयोग नहीं होना चाहिये।

### लुटियंस दिल्ली में इंटरनेट सेवा बंद

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के बीच लुटियंस दिल्ली में अगले आदेश तक इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है।

### सोनम वांगचुक से मिलने मेदांता पहुंचे विपक्षी सांसद, अनशन तोड़ने की अपील

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम में विपक्षी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल मेदांता अस्पताल में एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचा है, ताकि उनसे अपना अनिश्चितकालीन अनशन तोड़ने की अपील की जा सके।समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि हम कई सांसदों की ओर से एक अपील पत्र लेकर आए हैं, जिसमें कहा गया है कि देश के कल्याण के लिए आपकी सेहत ठीक रहना बहुत जरूरी है। उन्हें अपना अनशन तोड़ देना चाहिए।

### सोनम वांगचुक का जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह को पत्र, रखी अनशन तोड़ने की मांग

**नई दिल्ली।** पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को पत्र लिखा है। इसमें सोनम वांगचुक ने कहा कि अगर सरकार यह स्पष्ट आश्वासन देती है कि आंदोलन में शामिल किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या प्रतिशोधात्मक कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तो वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर देंगे। अन्यथा उन्हें अपना अनशन जारी रखना पड़ेगा।

### टॉल्स्टॉय ट्रैफिक सिग्नल के पास पत्थरबाजी में दिल्ली पुलिस के एसीपी घायल

**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम हैंडल बैन पर अभिजीत दीपके का केंद्र सरकार पर आरोप, कुछ देर बाद अकाउंट रिस्टोर दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे प्रदर्शन के बीच कॉकरोच जनता पार्टी से बड़ी खबर सामने आई। बताया गया कि इंस्टाग्राम हैंडल बैन हो गया है। जिसके बाद अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया। लेकिन कुछ देर बाद ही इंस्टाग्राम हैंडल से बैन हट गया और अकाउंट रिस्टोर हो गया।

### विरोध-प्रदर्शन के बाद से सोशल मीडिया पर 15 फर्जी पोस्ट का खंडन

**नई दिल्ली।** पीटीआई के मुताबिक पुलिस ने बुधवार को बताया कि सोमवार को हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद से दिल्ली पुलिस ने कथित फर्जी खबरों और गुमराह करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के कम से कम 15 मामलों का खंडन किया है। साथ ही, पुलिस की फैक्ट-चेक टीमें सैकड़ों वायरल वीडियो और पोस्ट का विश्लेषण कर रही हैं ताकि उनके सोर्स का पता लगाया जा सके और गलत जानकारी फैलाने वालों की पहचान की जा सके।

# संसद में नीट और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई पर जोरदार हंगामा

## तीसरे दिन की कार्यवाही भी हंगामे की भेंट चढी

## टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पूरे सत्र के लिए निलंबित

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन भी नीट परीक्षा विवाद, संसद परिसर के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्ष का जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। भारी शोर-शराबे और नारेबाजी के चलते लोकसभा व राज्यसभा यानी दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की दोबारा शुरू हुई कार्यवाही के दौरान भी हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई, जिसके बाद हंगामा जारी रहने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। इसी प्रकार राज्यसभा की 12 बजे, फिर दो बजे और इसके बाद तीन बजे तक स्थगित कर दी गई। तीन बजे भी हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही को पूरे दिन के लिए स्थगित करना पडा।

सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद अपनी मांगों और नोटिस पर तुरंत चर्चा कराने पर अड़ गए और वेल (सदन के बीचों-बीच) में आकर नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपनी-अपनी सीटों पर जाने और प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया। स्पीकर ने स्पष्ट किया कि



सरकार विपक्ष द्वारा उठाए गए हर मुद्दे पर प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद चर्चा कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि, सांसदों का हंगामा शांत न होते देख अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे और फिर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई, फिर सदन को पूरे ?दिन के लिए स्थगित करना पडा। इसी तरह का नजारा उच्च सदन यानी राज्यसभा में भी देखने को मिला, जहाँ हंगामे के चलते सभापति ने बैठक की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर दो बजे फिर तीन बजे तक और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी को पूरे मानसून सत्र के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया है। उन्हें असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए निलंबित किया गया। टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी को सदन में महिला सदस्यों से कथित अभद्रता और दुर्व्यवहार करने और उनके खिलाफ असंसदीय टिप्पणियां करने के मामले में यह कार्रवाही की गई। बनर्जी ने कथित तौर पर ळटउ के एक बागी सांसद को ह्चोरह्व भी कहा, जिससे विपक्ष के विरोध के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद लोकसभा चैंबर के अंदर टकराव की स्थिति पैदा हो गई। लोकसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे शुरू हुई, तो पीठासीन सभापति कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने कहा कि आज सांसद कल्याण बनर्जी ने कुछ महिला सदस्यों के खिलाफ असंसदीय टिप्पणियां की हैं जिसकी लिखित शिकायत अध्यक्ष ओम बिरला को प्राप्त हुई हैं।उन्होंने कहा कि यह सदन की गरिमा के विरुद्ध है. सांसद का यह व्यवहार बहुत आपत्तिजनक है। इसके बाद संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में प्रस्ताव रखा कि तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी, जिन्होंने महिला सांसदों के साथ अभद्रता की और दुर्व्यवहार किया। उन्हें मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित किया जाए, सदन ने इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया।

# अखिलेश बोले: छात्रों को न्याय मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई

## संसद में सुनी जाती बात तो पीएम आवास न जाते





एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पेपर लीक, छात्रों के उत्पीड़न और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ बुधवार को समाजवादी पार्टी और विपक्षी दलों के सांसदों के साथ संसद के मकर द्वार पर विरोध-प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि छात्रों के न्याय के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि छात्र-नौजवान और उनके परिवार के लोग पेपर लीक और सरकार के अहंकारी रवैये के खिलाफ है। छात्र शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे है। आखिर क्या दबाव है कि सरकार मंत्री को नहीं हटा पा रही है। क्या मंत्री के पास सरकार का कोई राज छिपा है, जो इस्तीफे के बाद सामने आ जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में छात्रों को न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में देश में अब तक 150 से ज्यादा पेपर लीक हुए है। अकेले यूपी में 20 से ज्यादा पेपर लीक हुए। उन्होंने कहा कि विपक्ष और छात्र-नौजवानों की मांगे एक है। पहले शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हो, उसके बाद बातचीत और चर्चा हो, छात्रों के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ उस पर सरकार जवाब दे।

अखिलेश यादव ने संसद में अपनी बात रखते हुए कहा कि यह मुद्दा किसी पार्टी का नहीं छात्रों, युवाओं और नौजवानों का है। छात्रों की नहीं सुनी जाएगी तो वे सड़कों पर आएंगे। उनके साथ जो व्यवहार हुआ है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।

## अन्ना हजारे का पीएम मोदी को पत्र: बोले- मंत्री का इस्तीफा लेने से कमजोर नहीं होगी सरकार; की और क्या मांग?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली में छात्रों के जारी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और पुलिस कार्रवाई बेहद अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

हजारे ने पत्र में लिखा, "अगर जवाबदेही तय की जाती है और किसी मंत्री का इस्तीफा लिया जाता है, तो इससे सरकार की शक्ति कम





पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में टकराव के बजाय संवाद हमेशा बेहतर रास्ता होता है। अपने पत्र में हजारे ने कहा कि किसी मंत्री का इस्तीफा लेने से सरकार कमजोर नहीं होगी, बल्कि इससे अन्य मंत्रियों को जवाबदेही का स्पष्ट संदेश जाएगा और सरकार का कामकाज अधिक प्रभावी बनेगा।

यह पत्र ऐसे समय आया है, जब कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट परीक्षा में कथित नहीं होगी। बल्कि इससे अन्य मंत्रियों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि अगर वे अपने विभाग की जिम्मेदारियां ठीक से नहीं निभाएंगे तो उन्हें भी पद छोड़ना पड़ेगा। इससे सरकार का कामकाज अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनेगा।" उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में जारी आंदोलन के दौरान हिंसा और पुलिस कार्रवाई की खबरें बेहद दुखद हैं। लोकतंत्र में हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और अत्यधिक बल प्रयोग से हर हाल में बचना चाहिए।

## पांच रुपये से शुरू किराया, फिर भी खाली दौड़ रही हाइड्रोजन ट्रेन

एजेन्सी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे यात्रियों के सफर को बेहतर बनाने के लिए लगातार नई सुविधाएं जोड़ रहा है। वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के बाद अब देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन भी शुरू हो गई है। इस नई तकनीक वाली ट्रेन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। जींद से सोनीपत के बीच संचालित की जा रही इस ट्रेन का किराया भी बहुत कम रखा है। इसके बावजूद ट्रेन में यात्रियों की संख्या अभी उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि कम किराए के बाद भी लोग इस ट्रेन से सफर क्यों नहीं कर रहे हैं।

दरअसल, जींद-सोनीपत रूट पर पहले से ही कई ट्रेनों का संचालन हो रहा है। ऐसे में यात्रियों के पास यात्रा के लिए कई विकल्प मौजूद हैं। इसी के चलते शुरूआत में हाइड्रोजन ट्रेन में भीड़ कम दिखाई दे रही है। जींद-सोनीपत रेल रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा पहले से ही तीन पैसेंजर और एक एक्सप्रेस ट्रेन संचालित हो रही हैं।

## यूपी: वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के 3.50 लाख शिक्षकों को भी मिलेगी कैशलेस चिकित्सा, शासन ने दिए निर्देश

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के 2500 से अधिक वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 3.50 लाख से अधिक शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासन ने इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक को यहां के शिक्षकों के चिन्हांकन व रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से फरवरी में राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए थे। साथ ही यह कहा था कि वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों का कोई अधिकृत आंकड़ा नहीं है। इसलिए इनके चिन्हांकन के लिए अलग से आदेश जारी किया जाएगा।



इस क्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र द्वारा जारी आदेश में कहा है कि वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के लिए विकसित पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। शिक्षक खुद व अपने आश्रित का पोर्टल पर आधार कार्ड के अनुसार विवरण दर्ज करेंगे। उनके आवेदन का प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य सत्यापन कर इसको अग्रसारित करेंगे। इसमें वे शिक्षक की नियुक्ति नियमानुसार होने व कार्यरत होने का परीक्षण करेंगे।

इसके साथ ही संबंधित शिक्षक के किसी कारण से विद्यालय से अलग होने की स्थिति में प्रधानाचार्य-प्रधानाध्यापक डीआईओएस को इससे अवगत कराएं। ऐसे शिक्षकों को योजना से अलग रखा जाएगा। वहीं प्रधानाध्यापक-प्रधानाचार्य द्वारा आवेदन को प्रमाणित करने के बाद अंतिम अनुमोदन डीआईओएस द्वितीय करेंगे। डीआईओएस सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन स्वीकृत करेंगे। इस क्रम में माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

## राम मंदिर ट्रस्ट: धार्मिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव, पूरी निगरानी अब संत करेंगे; समिति को मिले पांच बड़े अधिकार

एजेन्सी न्यूज

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर की धार्मिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब पूजा-अर्चना और सभी धार्मिक गतिविधियों की निगरानी की जिम्मेदारी संत समाज को सौंपने का निर्णय लिया है। ट्रस्ट की बैठक में धार्मिक समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसके बाद मंदिर की धार्मिक व्यवस्था वैदिक रामानंदी परंपरा के अनुरूप संचालित की जाएगी। ट्रस्ट



के निर्णय के अनुसार, धार्मिक मामलों में गठित समिति का फैसला अंतिम और सर्वोपरि माना जाएगा। नई धार्मिक समिति के अध्यक्ष ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि होंगे। समिति में अयोध्या के प्रमुख संतों को शामिल किया गया है। इनमें महंत दिनेंद्र दास (निमोर्ही अखाड़ा), महंत कमलनयन दास (मणिराम दास छावनी), महंत डॉ. रामानंद दास (रामकथा कुंज), राजकुमार दास (रामबल्लभा कुंज) और महंत मिथिलेशनंदिनी शरण शामिल हैं। इसके अलावा जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और जगद्गुरु स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ भी समिति के सदस्य होंगे।

## ट्रंप की ईरान को चेतावनी, कहा- अगर होर्मुज में किया जहाज पर हमला, तो उड़ा देंगे पुल या पावर प्लांट

एजेंसी न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी अमेरिकी जहाज पर हमला करने के गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर ईरान मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार का इस्तेमाल करके किसी जहाज पर हमला करता है, तो अमेरिका ईरान के एक पुल या बिजली संयंत्र को नष्ट कर देगा। इस कार्रवाई में तेहरान शहर के निकट या भीतर स्थित संरचनाएं भी शामिल हो सकती हैं।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, इन दोनों देशों के बीच टकराव का एक संभावित केंद्र बना हुआ है।

राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका ईरान की ओर से किसी भी प्रकार की





आक्रामकता को बर्दाश्त नहीं करेगा और उसके जवाब में कठोर कार्रवाई करेगा। इस चेतावनी का उद्देश्य ईरान को किसी भी प्रकार के सैन्य दुस्साहस से रोकना है, खासकर उस क्षेत्र में जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इस कड़े रुख से क्षेत्र में पहले से ही अस्थिरता का माहौल और बढ़ सकता है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि ईरान इस चेतावनी पर कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या यह तनाव को कम करने में सहायक होता है या स्थिति को और अधिक जटिल बनाता है।

अमेरिका ने लगातार 11वें दिन ईरान पर हमला किया है। इन हमलों में बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र और होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित लारक द्वीप के साथ-साथ तब्रीज और चाबहार में विस्फोटों की खबरें सामने आई हैं।

ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले का दावा किया है।

लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने उन तीन "पायलट क्षेत्रों" में से एक का दौरा किया। यहां सेना ने इस्राइल के साथ एक समझौते के तहत तैनाती की है और "दक्षिण में जीवन की वापसी" का वादा किया है।

फिलीपींस में आसियान की बैठक में बोलते हुए, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने ईरान को "क्षेत्र का उपद्रवी" कहा। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में नियंत्रण और टोल वसूलने की ईरान की मांग "एक बहुत ही खतरनाक मिसाल" कायम करेगी।

## मार्को रुबियो ने ईरान को बताया क्षेत्र का सबसे बड़ा संकट

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पश्चिम एशिया में समुद्री सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों को लेकर ईरान पर बड़ा आरोप लगाया है। फिलीपींस की राजधानी मनीला में आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रुबियो ने कहा कि अगर किसी देश को अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर अवैध नाकाबंदी करने की छूट मिलती है तो यह पूरी दुनिया के लिए खतरनाक मिसाल बन जाएगी। उन्होंने ईरान को पश्चिम एशिया में अस्थिरता फैलाने वाला देश बताते हुए कहा कि इसका असर केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र भी इससे प्रभावित हो सकता है।

रुबियो ने कहा कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी नीति और कार्रवाई को लेकर आसियान देशों को स्थिति स्पष्ट कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति तथा व्यापारिक मार्गों पर पैदा हुए खतरों संवेदनशील समुद्री मार्गों पर भी इसी तरह की स्थिति पैदा हो सकती है।

मार्को रुबियो ने कहा कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता की





के लिए तेहरान जिम्मेदार है। उनके मुताबिक, ईरान की गतिविधियों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि यदि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने समय रहते इस तरह की घटनाओं को नहीं रोका तो भविष्य में अन्य जड़ ईरान है। उन्होंने ईरान को क्षेत्र का "मुसीबत पैदा करने वाला देश" बताया। रुबियो ने कहा कि ईरान जिन संगठनों का समर्थन करता है, उनमें हूती, हिजबुल्लाह और अन्य सहयोगी समूह शामिल हैं।

## विना मान्यता स्कूल व कोचिंग संचालन के विरोध में ए बी वी पी ने सौंपा ज्ञापन


एसडीएम को ज्ञापन देते एबीवीपी पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बहेड़ी। नगर में विना मान्यता के संचालित स्कूल कालेज, कोचिंग संस्थान तथा बेसमेंट में चल रहीं लाइब्रेरी और सुरक्षा मानकों में अनदेखी को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई की ओर से विभाग संयोजक प्रद्युम्न गंगवार की अगुवाई में एसडीएम गोपाल शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षण संस्थानों की मान्यता पंजीकरण संबंधित अभिलेखों की जांच, सभी संस्थानों में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास तथा भवन सुरक्षा मानकों की जांच, अनुपयुक्त जगहों पर लाइब्रेरी व शिक्षण गतिविधियों को रोकने, संस्थानों में लिए जाने वाले शुल्क का पारदर्शी तरीका होने, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, रोशनी तथा प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा के साथ छात्राओं के लिए अलग से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। कहा गया है कि प्रशासन समय समय पर निरीक्षण के साथ साथ अवैध रूप से चल रहे संस्थानों पर जांच के उपरांत कार्रवाई की जाए।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

# व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय





बहेड़ी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों ने बुधवार को स्थानीय सांसद तथा केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर जाकर शिष्टाचार वश मुलाकात की और बहेड़ी से दिल्ली तक सीधे ट्रेन चलाए जाने की मांग संबंधित ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों के प्रतिनिधिमण्डल नें बहेड़ी तथा पीलीभीत के व्यापारियों और फिर आम जनता को भी दिल्ली आने जाने में होने वाली परेशानी से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री ने व्यापारियों की मांग को धैर्य पूर्वक सुना और अपने अधीनस्थ सहयोगियों को तत्काल रेलवे बोर्ड से संपर्क कर इस संबंध में कड़े तथा प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय मंत्री से मिलने जाने वालों में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष अतुल गर्ग, अनूप गुप्ता, सलीम रहवर, कमल जीत सिंह, वसीम आइडिया, नदीम फैंसी, व तैय्यब कासमी आदि शामिल रहे। व्यापारियों का कहना कि जिस गर्मजोशी से केंद्रीय मंत्री ने मामले का त्वरित संज्ञान लिया उसे देखकर लगता है कि बहेड़ी से दिल्ली तक सीधे ट्रेन चलने का उनका सपना जल्द पूरा हो जाएगा। ऐसी उम्मीद अब बंधने लगी है।

## शादी की दावत से लौट रहे युवक का शव सड़क किनारे मिला, हत्या की आशंका

आंवला। शादी की दावत से घर लौट रहे एक युवक का शव बुधवार सुबह सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। सूचना पर पहुंची बिशारतगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। आसपुर गांव निवासी थान सिंह ने बताया कि मंगलवार को वह अपने छोटे भाई नारायनदास उर्फ बड्डन (28) के साथ अपने साढ़ू के बेटे की शादी की दावत में शामिल होने के लिए बिशारतगंज क्षेत्र के गांव मझगवां गया था। रात होने पर वह वहीं रुक गया, जबकि नारायनदास रात करीब 11 बजे बाइक से घर जाने की बात कहकर निकल गया था। बुधवार सुबह नारायनदास के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान बिशारतगंज पुलिस को नौहारा हसनपुर गांव के समीप सड़क किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने शव की पहचान कराई तो वह नारायनदास का निकला।

## संक्षेप

### अवैध रूप से चल रहे बुध बाजार पर नहीं लग सकी रोक

बहेड़ी। रविवार, मंगलवार तथा गुरूवार को जिस स्थान पर सब्जी तथा किराना बाजार लगता है , उसी स्थान पर बुधवार को अवैध रूप से बाजार सजना शुरू हो गया। शुरुआत इनी गिनी दुकानों से हुई, फिर धीरे धीरे दुकानों में संख्या में इजाफा होने लगा। नगर के मुख्य बाजार पर जब इस अवैध बाजार का असर पड़ने लगा तो व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन के समक्ष इस मुद्दे को उठाकर बाजार बंद कराए जाने की अपील की। इस अपील के बाद कुछ समय के लिए दुकानों की संख्या काफी सीमित हो गई पर जब उदासीनता बरती जाने लगी तो यह अवैध बाजार फिर पुराने स्वरूप में आ गया। हालत यह है कि बाजार परिसर में तो तिल भर जगह बची नहीं अब गली से लेकर मुख्य मार्ग तक पर दुकानें सजने लगी हैं। सुरक्षा के लिहाज से यहाँ कभी भी कोई बड़ी दिक्कत खड़ी हो सकती है। तकरीबन हर बुधवार को बाजार में किसी न किसी की जेब कट जाने की शिकायत सुनने को मिलती है। लोगों का आरोप है कि, बाजार परिसर में लगने वाली दुकानों से तो बाजार लगवाने वाले तहबाजारी वसूलते ही हैं, नगरपालिका द्वारा बनाई गई सड़कों पर बैठने वाले दुकानों से भी वसूली की जाती है। बुधवार को लगने वाले इस अवैध बाजार के चलते यहाँ की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। सवारियों के लालच में माथुर रोड तिराहे के पास सड़क के दोनों ओर ई– रिक्शा चालक लाइन बनाकर आगे पीछे खड़े हो जाते हैं और फिर सड़क इतनी तंग हो जाती है कि अक्सर जाम लगने की नौबत आ जाती है। लोगों ने प्रशासन से इस अवैध बाजार को बंद कराए जाने की मांग की है।

### जर्जर हालत में है डाकघर, टपक रहीं छतें

बहेड़ी। नगर में चल रहा डाकघर अब काफी जर्जर हालत में पहुँच गया है। हालत यह है कि बरसात के दिनों में कर्मचारियों के लिए बैठकर काम कर पाना भी दुष्कर हो चला है। कहीं दीवारों में दरारें हैं तो छतें भी टपक रहीं हैं। इसके चलते कंप्यूटर आदि उपकरण खराब हो रहे हैं और फिर काम न हो पाने का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है। बाहर से देखने पर तो डाकघर का भवन ठीकठाक लगता है पर अंदर के हालात असमान्य हैं। बुधवार को तमाम लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए आए थे पर रोजाना हो रही बरसात में छतें टपकने से सिस्टम में पानी भर गया जिसके चलते लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। डाकघर कर्मियों का कहना है कि भवन में सुधार किए जाने को लेकर उच्चाधिकारियों से कहा जा चुका है। देखना होगा कि तस्वीर कब तक बदलती है? यहाँ बता दें कि, जिस हालात में कर्मचारी यहाँ अपनी ड्यूटी अंजाम दे रहे हैं, वह उनकी सेहत के लिए भी चिंताजनक है। कौन जाने कब कौन सा हिस्सा धराशायी हो जाए?

## डिप्टी सीएम के दौरे के बीच कांग्रेस का प्रदर्शन, खाद संकट और स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार को घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय


डिप्टी सीएम दौरे के बीच कांग्रेस का प्रदर्शन

बरेली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बरेली प्रवास के दौरान बुधवार को महानगर कांग्रेस कमेटी ने किसानों और आम उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ स्मार्ट मीटर से जुड़े मामलों की जांच कराने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश दादा और प्रदेश प्रवक्ता राज शर्मा के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि खरीफ सीजन के बीच किसानों को यूरिया और डीएपी खाद के लिए लगातार परेशान होना पड़ रहा है। उनका कहना था कि कई केंद्रों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती का काम प्रभावित हो रहा है, जबकि प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठा रहा। कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े बिजली बिलों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ता अधिक बिजली बिल आने की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा। पार्टी ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। प्रदेश प्रवक्ता राज शर्मा ने कहा कि किसानों और आम जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। वहीं महानगर अध्यक्ष दिनेश दादा ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाब देना होगा। पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार ने भी किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों और आम लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो पार्टी आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

## आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में अनियमितता का आरोप, डीएम से निष्पक्ष जांच की मांग



बरेली। मझगवां विकास खंड के ग्राम भीमलौर रसूलपुर में आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर अनियमितता के आरोप सामने लगाए गए हैं। मामले में कृष्ण कुमार प्रजापति पुत्र हीरा लाल प्रजापति निवासी ग्राम भीमलौर रसूलपुर तहसील ऑवला ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पात्र अभ्यर्थी को चयन से वंचित किए जाने तथा भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी की जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसकी पत्नी गीता प्रजापति ने आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। उनकी पत्नी के शैक्षिक अंक गांव में सबसे अधिक हैं और आय प्रमाण पत्र भी निर्धारित मानकों के अनुरूप है। इसके बावजूद उनका चयन नहीं किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चयन प्रक्रिया के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा नियुक्ति कराने के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की गई। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण रकम देने में असमर्थता जताने पर कथित रूप से उनकी बात नहीं सुनी गई। बाद में जानकारी मिली कि किसी अन्य महिला का चयन कर नियुक्ति दे दी गई।

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का हुआ आयोजन

### बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाजपा के पदाधिकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहेड़ी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में बुधवार को हाइवे स्थित एक रिसार्ट में मेरा बूथ सबसे मजबूत,थीम के साथ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 442 बूथ अध्यक्षों की भागीदारी रही। मुख्य अतिथि कि हैसियत से डीपी भारती ने सभी बूथ अध्यक्षों का मार्गदर्शन करते हुए हर बूथ पर, मेरा बूथ सबसे मजबूत धारणा को बलवती बनाने पर जोर दिया जिसे उन्होंने पार्टी की जीत का अमोघ अस्त्र बताया। जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने बूथ सशक्तिकरण तथा संगठन की मजबूती पर विस्तार से बात की। कार्यक्रम में बहेड़ी व शेरगढ़ के ब्लॉक प्रमुख क्रमशः अमरेंद्र सिंह गोल्डी, भूपेन्द्र कुर्मी, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, डा मीनाक्षी गंगवार, सतीश राठौड़, राजेंद्र सिंह, रूप किशोर गंगवार, योगेंद्र मौर्या समेत कई अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बरेली में की विकास कार्यों की समीक्षा, योजनाओं की प्रगति पर अधिकारियों से मांगा जवाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को बरेली पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे और जिले में संचालित विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था, राजस्व मामलों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक को देखते हुए जिला प्रशासन पहले से ही पूरी तैयारी में जुटा रहा और सभी विभागों के अधिकारी आवश्यक अभिलेखों एवं अद्यतन रिपोर्ट के साथ मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की वर्ष 2017 से संचालित 37 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का विस्तार से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने योजनाओं की वित्तीय स्थिति, भौतिक उपलब्धियों, खर्च की गई धनराशि, लाभार्थियों की संख्या और शेष कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत किया। समीक्षा से पहले विभिन्न विभागों ने अपने आंकड़ों का मिलान कर रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया। बैठक में उन परियोजनाओं पर विशेष चर्चा हुई, जो निर्धारित समय सीमा के बावजूद पूरी नहीं हो सकी हैं। उपमुख्यमंत्री ने ऐसे कार्यों में हो रही देरी के कारणों की जानकारी ली और समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा बजट के उपयोग और योजनाओं के क्रियान्वयन की भी विस्तार से समीक्षा की गई। आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति बैठक के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही। इसके अलावा जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की मौजूदा स्थिति पर भी अधिकारियों से जानकारी ली गई। बैठक में जनवरी 2026 से उपमुख्यमंत्री कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। विभागवार लंबित प्रकरणों और उनके समाधान की प्रगति पर अधिकारियों से जवाब तलब किया गया। सूत्रों के अनुसार जिन विभागों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाया जाएगा, उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा सकते हैं।

## जंतर–मंतर की घटना के विरोध में किसान एकता संघ का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। किसान एकता संघ ने बुधवार को सेठ दामोदर पार्क में धरना-प्रदर्शन कर विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपते हुए छात्र-छात्राओं, किसानों और युवाओं से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप की मांग की। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बरेली दौरे के चलते जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू रही। प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण किसान एकता संघ का प्रस्तावित मार्च आगे नहीं बढ़ सका, जिसके बाद संगठन ने सेठ दामोदर पार्क में ही धरना देकर अपना ज्ञापन प्रशासन को सौंप दिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवि नागर ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते का विरोध करते हुए कहा कि इसका असर देश के किसानों पर प्रतिकूल पड़ सकता है।

उन्होंने सरकार से इस समझौते पर पुनर्विचार करने की मांग की। ज्ञापन में दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे छात्र-छात्राओं पर पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज की भी निंदा की गई। संगठन ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों के साथ बल प्रयोग उचित नहीं है। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी उठाई गई।

किसान एकता संघ ने हरियाणा-दिल्ली सीमा पर किसानों के आवागमन में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा किसान आंदोलन से जुड़े लंबित मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय सचिव यज्ञप्रकाश गंगवार, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष बोहरन लाल गुर्जर, मंडल महासचिव डॉ. अंशु भारती, मंडल उपाध्यक्ष गिरीश गोस्वामी, जिला महासचिव अवधेश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष संजय पुजारी, जिला मीडिया प्रभारी संजय पाठक सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजकीय इंटर कॉलेज से सरकारी ईंटें ले जाने का आरोप, शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय



### प्रधानाचार्य की अनुमति का दावा, निर्माणाधीन मकान में इस्तेमाल होने की चर्चा; डीआईओएस से संपर्क नहीं हो सका

बरेली। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज से सरकारी निर्माण सामग्री बाहर ले जाने के आरोपों ने शिक्षा विभाग में हलचल पैदा कर दी है। शिकायत के अनुसार कॉलेज परिसर में रखी सरकारी ईंटों को एक टुकटुक वाहन में लादकर बाहर भेजा जा रहा था। इस दौरान कॉलेज का एक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद बताया गया, जिसके बाद पूरे मामले को लेकर सवाल उठने लगे हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब इस संबंध में कॉलेज के चपरासी संतोष से जानकारी ली गई तो उन्होंने कथित रूप से बताया कि यह कार्य प्रधानाचार्य की अनुमति से कराया जा रहा है। इसके बाद मामला और चर्चा में आ गया।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कॉलेज से ले जाई गई ईंटों का उपयोग बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय से जुड़े एक सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिजन के चौपाल क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन मकान में किया जा रहा है। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले में जब राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओ.पी. राय से फोन पर संपर्क कर यह पूछा गया कि क्या जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) से इस संबंध में अनुमति ली गई है, तो उन्होंने कथित रूप से कहा कि इसके लिए डीआईओएस की अनुमति आवश्यक नहीं है। घटना के बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि यदि सरकारी परिसर से निर्माण सामग्री बाहर भेजी गई है तो इसके लिए सक्षम स्तर से अनुमति ली गई थी या नहीं। साथ ही यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि सरकारी संपत्ति के उपयोग संबंधी नियमों का पालन किया गया या नहीं। उधर, जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) बरेली का पक्ष जानने के लिए उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी क्योंकि कॉल रिसीव नहीं हुई। अब पूरे मामले में शिक्षा विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया और

## आंवला में भाजपा ने बूथ सम्मेलन का किया आयोजन, संगठन को और सशक्त बनाने का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



आंवला। भारतीय जनता पार्टी की ओर से बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष अशोक भारती और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनको सम्मानित किया। आंवला कस्बा स्थित रामनगर रोड के एक बरात घर में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए अशोक भारती एवं पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करे। बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही प्रभावी ढंग से जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कैबिनेट मंत्री ने सम्मेलन में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# दोस्त के साथ वायरल हुए फोटो-वीडियो से सदमे में छात्रा ने लगाई फाँसी, मौत

जागरण मोर्चा संवाददाता



### बिथरी चैनपुर क्षेत्र की घटना, सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री और पूरे घटनाक्रम की हर कड़ी खंगाल रही पुलिस

बरेली। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में नौवीं कक्षा की एक छात्रा की मंगलवार देर रात घर में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और हाल ही में सामने आए होटल प्रकरण तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो-वीडियो को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में यह जानकारी सामने आई है कि कुछ दिन पहले छात्रा एक होटल में एक दूसरे समुदाय के युवक के साथ मिली थी। उसी दौरान वहां पहुंचे कुछ लोगों ने फोटो और वीडियो बनाए थे। बाद में यह सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित होने की बात सामने आई। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि रिकॉर्डिंग किसने की, उसे सोशल मीडिया पर किसने साझा किया और इस पूरे घटनाक्रम में किन-किन लोगों की भूमिका रही। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राजेश बाबू, फॉरेंसिक टीम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस परिजनों सहित अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि जांच में किसी व्यक्ति की जिम्मेदारी या कानून का उल्लंघन सामने आता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी जीएसटी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, 118 करोड़ के संदिग्ध कारोबार का खुलासा

## साइबर थाना और राज्य कर विभाग की संयुक्त जांच में दो आरोपी दबोचे, फर्जी फर्मों के जरिए आईटीसी का खेल उजागर

जागरण मोर्चा संवाददाता



बरेली। राज्य कर (जीएसटी) विभाग और साइबर क्राइम थाना पुलिस की संयुक्त जांच में फर्जी जीएसटी कारोबार से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। करीब 118 करोड़ रुपये के संदिग्ध फर्जी कारोबार और अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह गिरोह लंबे समय से कागजों पर फर्जी कंपनियां बनाकर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा था।

पुलिस के अनुसार, राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त की शिकायत के आधार पर 30 मई को साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच आगे बढ़ने पर तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों और डिजिटल लेन-देन की जांच के दौरान एक संगठित गिरोह का पता चला, जो बिना वास्तविक व्यापार किए फर्जी बिल और दस्तावेजों के माध्यम से जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा रहा था। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने 21 जुलाई को मालगोदाम रोड क्षेत्र से गाजियाबाद निवासी योगेंद्र शर्मा और साहिबाबाद निवासी टिम्पु को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह वर्ष 2017-18 से फर्जी फर्मों के नाम पर बैंक खाते संचालित कर रहा था। ई-वे बिल, सर्कुलर ट्रेडिंग और म्यूल खातों का इस्तेमाल कर करोड़ों रुपये के काल्पनिक लेन-देन को वास्तविक कारोबार के रूप में दर्शाया जाता था। जांच एजेंसियों के अनुसार अब तक करीब एक दर्जन फर्जी फर्मों के माध्यम से 117.18 करोड़ रुपये से अधिक के संदिग्ध कारोबार का पता चल चुका है। अधिकारियों का मानना है कि दस्तावेजों की गहन जांच के बाद इस घोटाले की रकम और बढ़ सकती है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, बैंक खातों से संबंधित रिकॉर्ड, चेकबुक, एटीएम कार्ड, फर्जी आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। इस सफलता पर एसएसपी अनुराग आर्य ने कार्रवाई करने वाली एसआईटी टीम को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस फर्जी जीएसटी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# सपेरे और साँप का खेल देखना बच्चे को पड़ा महंगा

जागरण मोर्चा संवाददाता



### सात वर्षीय बालक को साँप ने डंसा, जिलाध्यक्ष अस्पताल में किया भर्ती

बरेली। फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के कपूर नगला गांव में साँप व सपेरे का खेल देखने के दौरान एक सात वर्षीय बालक को सपेरे के साँप ने डस लिया। घटना के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने सपेरे को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार कपूर नगला निवासी ओमप्रकाश का सात वर्षीय पुत्र आर्यन गांव में आए एक सपेरा साँप का खेल दिखा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खेल समाप्त होने के बाद आर्यन सपेरे को पैसे देने के लिए आगे बढ़ा। इसी दौरान सपेरे के पास मौजूद साँप ने अचानक बच्चे के हाथ पर काट लिया। साँप के डसते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में आर्यन की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन और ग्रामीण उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया। डॉक्टरों की निगरानी में बच्चे का इलाज जारी रहा। घटना के बाद ग्रामीणों ने सपेरे को मौके पर ही पकड़ लिया। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के आबादी वाले क्षेत्रों में साँप का खेल दिखाना गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने ग्रामीण विद्यालयों में कराई पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं

जागरण मोर्चा संवाददाता



### खो-खो, रस्साकशी और सतोलिया में बच्चों ने दिखाया उत्साह, संस्कृति और स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षांत समारोह के तहत गोद लिए गए गांवों में सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम डोहरा और डोहरिया के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पारंपरिक भारतीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को भारतीय पारंपरिक खेलों से जोड़ने, उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने और डिजिटल उपकरणों पर बढ़ती निर्भरता को कम करने के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिताओं में खो-खो, रस्साकशी और सतोलिया जैसे पारंपरिक खेल शामिल रहे। इन खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह और ऊर्जा से भर गया।

विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रो. एस.एस. बेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के व्यक्तित्व विकास और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की टीम ने किया। इस दौरान डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अजीत, डॉ. विजय सिन्हल, डॉ. नीरज, डॉ. इरम नईम, डॉ. इंदरप्रीत कौर और रामप्रीत सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में कोच धर्मेंद्र शर्मा, रणदीप सिंह, लक्की और राजू का विशेष योगदान रहा। वहीं विश्वविद्यालय के छात्र स्वयंसेवकों ने टीम गठन, अंक निर्धारण, खिलाड़ियों के मार्गदर्शन और व्यवस्थाओं के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

# ओवरटेक को लेकर बीच सड़क भिड़े रोडवेज बस और ई-रिक्शा चालक, डंडों से हमला कर दोनों घायल



जागरण मोर्चा संवाददाता

### कोतवाली के पास ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में हुआ बवाल, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बरेली। शहर के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को ओवरटेक करने को लेकर रोडवेज बस चालक और ई-रिक्शा चालक के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों ने बीच सड़क पर डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस पुराने बस अड्डे से नवल्टी चौराहे की ओर जा रही थी। इसी दौरान ई-रिक्शा चालक से ओवरटेक को लेकर कहासुनी हो गई। पहले दोनों के बीच तीखी बहस हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। दोनों चालकों ने डंडे उठा लिए और सड़क पर एक-दूसरे पर वार करने लगे।

घटना के समय आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर ट्रैफिक पुलिस के जवान भी मौजूद थे, लेकिन विवाद बढ़ने के बाद स्थिति को नियंत्रित करने में देर हो गई। बाद में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों को अलग कराया।

मारपीट में दोनों चालकों के सिर पर चोटें आईं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। इस दौरान किसी राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

# छात्रों पर कार्रवाई को लेकर सपा अल्पसंख्यक सभा ने जताई नाराजगी, संवाद से समाधान की वकालत

जागरण मोर्चा संवाददाता



### प्रदेश उपाध्यक्ष अनीस अहमद खां बोले- युवाओं की आवाज सुनना सरकार की जिम्मेदारी, बल प्रयोग नहीं होना चाहिए

बरेली। छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा कथित लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल की घटना को लेकर समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा ने कड़ी आपत्ति जताई है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर अनीस अहमद खां ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से रखने वाले छात्रों के साथ बल प्रयोग किसी भी स्थिति में उचित नहीं माना जा सकता।

उन्होंने कहा कि छात्र और युवा देश के भविष्य की आधारशिला हैं। यदि उन्हें शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है, तो सरकार को उनकी समस्याओं को गंभीरता से समझना चाहिए। उनका कहना था कि ऐसे मामलों में बातचीत और सहमति का रास्ता अपनाया जाना चाहिए, न कि कठोर कार्रवाई का। अनीस अहमद खां ने कहा कि युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा देश की सबसे बड़ी शक्ति है। इसलिए सरकार की प्राथमिकता छात्रों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान निकालना होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और छात्र हितैषी बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। सपा अल्पसंख्यक सभा के नेताओं ने कहा कि छात्रों से जुड़े मामलों में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की परिस्थितियां उत्पन्न न हों। उन्होंने मांग की कि संबंधित घटना की निष्पक्ष समीक्षा कर लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सुरेंद्र सोनकर सहित समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों के हितों की रक्षा और संवाद के माध्यम से विवादों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

# सरदार नगर मंदिर को हटाने के विरोध में हंगामा, संत और हिंदू

### महंत ने दी भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी, प्रशासन से दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग

जागरण मोर्चा संवाददाता

**महंत ने दी भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी, प्रशासन से दस्तावेज सार्वजनिक करने की मांग**



बरेली। भमौरा थाना क्षेत्र के सरदार नगर स्थित मंदिर को हटाए जाने की चर्चा के बीच बुधवार को माहौल गर्मा गया। मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों और विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे तथा मंदिर के महंत से मुलाकात कर अपना समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान मंदिर को हटाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी भी जताई गई। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के जिला महामंत्री सोनू ठाकुर ने कहा कि मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र होते हैं और विकास कार्यों के नाम पर किसी भी मंदिर को बिना उचित प्रक्रिया के हटाना उचित नहीं है। उनका आरोप था कि प्रशासन मंदिर को हटाने की तैयारी कर रहा है, जबकि संबंधित पक्ष को न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही उसकी सहमति ली गई। मंदिर के महंत ने भी दावा किया कि उन्होंने मंदिर को स्थानांतरित करने के लिए किसी प्रकार की सहमति नहीं दी है। उनका कहना था कि यदि प्रशासन के पास उनकी सहमति संबंधी कोई दस्तावेज है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। महंत ने यह भी कहा कि जिस स्थान पर मंदिर को शिफ्ट किए जाने की बात कही जा रही है, वह पर्याप्त बड़ा नहीं है और वहां सभी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना संभव नहीं होगी। महंत ने चेतावनी दी कि यदि उनकी सहमति के बिना मंदिर को हटाने का प्रयास किया गया तो वह भूख हड़ताल पर बैठेंगे। वहीं हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष समीक्षा करने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो जल्द ही जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सचिन चौहान, कुलदीप गोस्वामी, देवेंद्र साहू, बिहार शर्मा, राहुल ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दरगाह के प्रतिनिधि मंडल ने मुरादाबाद डीसीएम से मिलकर उर्स स्पेशल ट्रेने चलाने और ज़ायरीन की सुरक्षा व सुविधा की मांग

जागरण मोर्चा संवाददाता



बरेली। उर्स-ए-रज़वी के संबद्ध में आज दरगाह प्रमुख हज़रत मौलाना सुब्हान रज़ा खान(सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की ओर से एक प्रीतिनिधिमंडल डीसीएम मुरादाबाद महेश यादव से मिला। दरगाह प्रमुख की ओर से मुरादाबाद गए शाहिद खान नूरी,परवेज़ नूरी व अजमल नूरी के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल ने डीआरएम के नाम पत्र सौंपकर अवगत कराया कि 108 वा विश्व विख्यात उर्स-ए-रजवी इस वर्ष 06,07,08 अगस्त 2026 को बरेली में मनाया जाएगा। जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अकीदतमंद बड़ी संख्या रेल मार्ग द्वारा बरेली आते है। बाहर से आने वाले जायरीन की सुविधा के लिए बरेली की ओर सभी दिशाओं में उर्स स्पेशल ट्रेन चलाने,उर्स के दौरान बरेली से गुजरने वाली सभी अप-डाउन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने,उर्स स्थल पर टिकट विंडो खोलने व समय सारिणी लगाने और बरेली के सभी स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट विंडो और साफ-सफाई पानी की व्यवस्था कराने के अलावा ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौकंद रखने की मांग की। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि डीसीएम महेश यादव ने दरगाह से गए प्रतिनिधिमंडल का आश्वस्त किया कि पिछले साल से बेहतर उर्स में इस बार रेलवे व्यवस्था करेगा। दरगाह की ओर से गत दिवस रेल मंत्री नई दिल्ली को भी पत्र लिखकर स्पेशल ट्रेनें चलाने के साथ जायरीन की सुरक्षा व सुविधा की मांग की जा चुकी है। इसी तरह का एक पत्र डीआरएम इज़्ज़त नगर को भी भेजा जा चुका है।

# 49वीं उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में जीआरएम की छात्रा चहक भारद्वाज ने जीता रजत पदक

जागरण मोर्चा संवाददाता




बरेली । तुगलकाबाद नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 49वीं उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नैनीताल रोड शाखा, बरेली की कक्षा 10 की छात्रा चहक भारद्वाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए .22 स्टैंडर्ड पिस्टल इवेंट की जूनियर महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतकर विद्यालय और जनपद का गौरव बढ़ाया। चहक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय के प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने चहक भारद्वाज को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियाँ विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षिक एवं खेल संस्कृति का प्रमाण हैं और अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि चहक भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, बरेली और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करेगी।





# तमंचे की नोंक पर ई-रिक्शा चालक से लूट, बैटरी, चार्जर लेकर बदमाश फरार

## ई-रिक्शा चालक को बंधक बनाकर बुलरो में डाल ले गए थे बदमाश, एक किलोमीटर आगे जाकर छोड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। रोजा थाना क्षेत्र में एक ई-रिक्शा चालक से तमंचे के बल पर लूटपाट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना रोजा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के ताहवरगंज निवासी यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे वह हरदोई बाईपास चौराहे से पांच सवारियां बैठाकर ई-रिक्शा से रोजा की ओर आ रहा था। रास्ते में एक सवारी उतर गई। इसके बाद वह चार सवारियों को लेकर रोजा पहुंचा, जहां दो सवारियां उतर गईं और दो अन्य सवारियां बैठ गईं। आरोप है कि रोजा रेलवे

**उमेश कुमार मिश्रा**
**थानाध्यक्ष रौज़ा**

पुल के नीचे पहुंचने पर एक सवारी ने किराया लेने के लिए उसे रिक्शे से नीचे बुलाया। जैसे ही वह उतरा, वहां मौजूद एक युवक ने तमंचा तान दिया और मुंह बंद कर दिया और बुलेरो गाड़ी में डालकर करीब एक किलोमीटर आगे छोड़कर फरार हो गए। आरोप है कि जाते समय आरोपी ई-रिक्शा की बैटरी और चार्जर भी अपने साथ ले गया और फरार हो गया। पीड़ित ने अपने ई-रिक्शा का नंबर ठघ 27 क्ष्ठ 3593 बताते हुए थाना रोजा पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है ।

सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं अगर घटना हुई है तो आरोपी जेल जायेंगे

# दिल्ली की जंतर मंतर पर चल रहे युवाओं के धरना प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय तिलहर शाहजहांपुर

दिल्ली की जंतर मंतर पर चल रहेयुवाओं केधरना प्रदर्शन औररामपुर की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के ध्वस्तीकरण के लिए नोटिस दिए जाने के बाद नगर मेंविरोध करने वाले विपक्षी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजर बंद करने का सिलसिला जारी हैमंगलवार को सपा नेत्री सूची कश्यप के आवास परबड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल द्वारासपा कार्यकर्ताओं को नजर बंद करकेदिल्ली जाने से रोक दिया गया थावहीं बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता सादुल्लाह खान को उनके आवास पर नजर बंद कर दिया गया ।जैसे ही पुलिस को सूचना मिली कि समाजवादी पार्टी की अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान अपने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथरामपुर और दिल्ली के लिए कुछ कर सकते हैं उससे पहले हीबड़ी संख्या में पुलिस बल उनके आवास पर पहुंच गया और



उन्हेंनजर बंद कर दिया ।

बुधवार देर शाम नगर के मोहल्ला बनवारीपुर स्थित सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान के आवास पर अचानक पहुंची भारी संख्या में पुलिस फोर्स ने उनके आवास के चारों तरफ घेरा डाल दिया।

अनवर उल्ला खान और पुलिस फोर्स की इस दौरानवरिष्ठ सपा नेता अनवर उल्ला खान ने कहाकी संविधान ने उन्हें किसी भी मुद्दे पर शांतिपूर्ण ढंग सेअपना विरोध दर्ज करने का अधिकार दिया है सुरक्षा बलों की बल पर जबरन उन्हें हाउस अरेस्ट करके संविधान की मूल भावना का उल्लंघन किया जा रहा है । सपा नेता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह तानाशाही है भाजपा सरकार द्वारा विरोध करने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जा रहा।उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर जिस तरह शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों और आमजन पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की गई यह संविधान की हत्या है।उन्होंने कहा रामपुर की यूनिवर्सिटी में 38 भवनों को ध्वस्त करने का निर्णय किसी भी तरह से छात्र हित में नहीं कहा जा सकता इसे तत्काल रोका जाना चाहिए।लेकिन पुलिस बल ने सपा नेता और उनके समर्थकों की एक नहीं सुनी और उन्हें उनके आवास पर ही उन्हें नज़रबंद कर दिया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आवास पर इस दौरान युवजन सभा के नगर अध्यक्ष रिशी पाल यादव,रेहान अंसारी नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, सुनील कुमार नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मोइन खान, इस्तखार अंसारी, शादाब अंसारी, रक्षपाल गंगवार, दिनेश मोर्या, सुहेल खान, राम अवतार गौतम, मोईन खान, अंकित गौतम, छुट्टन खान, बिल्लू, धीरज, नवैद मंसूरी, आफाक, तौफीक आदि मौजूद रहे।

# सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने को आयोजित हुआ भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

जागरण मोर्चा संवाददाता

फरीदपुर (बरेली)। संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का हुआ आयोजन। पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह , जिला प्रभारी दोदराम कुशवाह एवं फरीदपुर विधायक के पुत्र ईशान ग्वाल की मौजूदगी में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में नेताओं ने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का मंत्र दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बूथ अध्यक्षों को संगठन की नीतियों, केंद्र व प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं और चुनावी रणनीति से अवगत कराना है ताकि कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर पार्टी को और अधिक सशक्त बना सकें। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बूथ अध्यक्षों की भूमिका केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और हर वर्ग से संवाद स्थापित करने के मुख्य सेतु हैं।




जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप ने सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के बल पर भाजपा लगातार जनता का विश्वास जीत रही है। जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 'घर-घर संपर्क अभियान' को और तेज करें, नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ें और सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं और विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे किसी भी भ्रम का जवाब कार्यकर्ता पूरी मजबूती और तथ्यों के साथ दें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने और संगठन द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा। इस अवसर पर फरीदपुर ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल, जिला उपाध्यक्ष ओमवीर गुर्जर, जिला मंत्री राजेंद्र सोनकर, जिला मंत्री संजय सिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, फतेहगंज पूर्वी चेयरमैन संजय पाठक, भाजपा नेता जवाहर लाल, फरीदपुर नगर अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल, रजऊ मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर, भुता मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद गंगवार, कुआँडांडा मंडल अध्यक्ष श्याम देव चौहान, फतेहगंज पूर्वी मंडल महामंत्री हंसदेव शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह पर अभद्र टिप्पणी, सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मुकदमा दर्ज

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्क्रीनशॉट सौंपकर पुलिस से की शिकायत आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 353(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरु

जागरण मोर्चा संवाददाता

आंवला। उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री एवं आंवला विधायक धर्मपाल सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुतलकपुर गांव निवासी पप्पू वर्मा पुत्र नत्थूलाल वर्मा ने अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम मजरा दौलतपुर निवासी मोहित यादव पुत्र जयपाल यादव ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के खिलाफ अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उक्त टिप्पणी से मंत्री के मान-सम्मान को ठेस पहुंची है तथा भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने साक्ष्य के रूप में सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। शिकायतकर्ताओं में आशु सिंह, अक्षय शर्मा, सुरजीत लोधी और कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 353(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

आंवला। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने अवैध तमंचा और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गैंगस्टर एक्ट में वांछित कौशल उर्फ टेंडा पुत्र गिरीश निवासी मोहल्ला ताड़गंज, काशीराम कॉलोनी कस्बा आंवला को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न




धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा अपने पास रखा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

# आवारा गोवंशीय को लेकर नहीं हैं कोई इंतजाम

जागरण मोर्चा संवाददाता

फरीदपुर (बरेली)। आवारा गोवंशों के नेशनल हाईवे व नगर में व्यस्त बाजारों में बैठने की समस्या सभी को दृष्टिगोचर है लेकिन इसको लेकर कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। बुधवार को फरीदपुर में बाईपास पर भुता रोड के पास एक गोवंश सड़क के बीचों-बीच बैठा दिखाई दिया। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि गोवंश हाईवे की लेन के बीच बैठा है, जबकि पीछे से कारें और ट्रक तेज रफ्तार से आ-जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में घूमते गोवंश के कारण आए दिन इस तरह के हालात बनते हैं। शाम के समय विजिबिलिटी कम होने पर हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। हाईवे पर अचानक गोवंश आ जाने से तेज रफ्तार वाहन चालकों को ब्रेक लगाने का मौका नहीं मिलता है और बीच सड़क पर बैठने से गोवंश खुद भी दुर्घटना का

**गोवंश अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का बन रहे कारण**




शिकार हो जाते हैं। वहीं कस्बे के अंदर भी यही हालात हैं नगर वासियों का कहना है कि व्यस्त बाजारों और प्रमुख चौराहों पर इनका जमावड़ा यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। बेसहारा गोवंशों के अचानक सड़क पर आ जाने और आपस में भिड़ने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कुछ दिनों पूर्व गोवंश से टकराकर गंभीर रूप से घायल हुए एक बाइक एजेंसी के कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हाल ही में हुई एक घटना में आवारा पशु आपस में लड़ते हुए सड़क किनारे खड़ी एक कार से टकरा गए। इस हादसे में कार के शीशे टूट गए और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसके स्थायी समाधान के लिए प्रशासन द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका व अन्य संबंधित अधिकारियों से इस गंभीर समस्या का जल्द से जल्द कोई ठोस हल निकालने की मांग की है।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन से पहले कांग्रेस कार्यकर्ता नजरबंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

आंवला। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। नगर कार्यालय पर मौजूद कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हजारों छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज कर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं के लिए तरक्की के रास्ते बंद होते जा रहे हैं



और प्रतियोगी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। युवाओं को न तो रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं और न ही स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि छात्र बदहाल शिक्षा व्यवस्था से परेशान हैं। राहुल गांधी ने छात्रों की आवाज बनकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराना चाहती थी, लेकिन पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शन से पहले ही कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया। कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री, गृह मंत्री और प्रधानमंत्री से नैतिक आधार पर अपने पदों से इस्तीफा देने की मांग की। इस दौरान सरफराज बेग, अलाउद्दीन अंसारी, सुभान अंसारी, शकील अंसारी, अनवर कुरेशी, सैयद यूसुफ अली, परवेज़ बेग, इमरान अब्बासी, ताबिश शब्बर, सुफिर, अब्दुल मुतालिब, रुखसार शाह, राजा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 7 दिन में 10 ठिकानों पर दबिश, नकली-नशीली दवा रैकेट का मास्टरमाइंड अमन अब भी फरार

गोंडा । नकली और नशीली दवाओं के अवैध कारो बार के मास्टरमाइंड अमन कसौधन की गिरफ्तारी के लिए नगर कोतवाली पुलिस ने शिकंजा कस दिया है।अमन फार्मास्यूटिकल कंपनी का थोक लाइसेंस निरस्त होने और उसके भाई की गिरफ्ता री के बाद पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पिछले सात दिनों में पुलिस ने अमन की तलाश में दस से अधिक संभावित ठिकानों पर छापेमारी की, लेकि न वह अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है,बुधवार सुबह 11 बजे भी नगर कोतवाली पुलिस और स र्विलांस टीम ने कई स्थानों पर संयुक्त कार्रवाई की



हालांकि,अमन का कोई सुराग नहीं मिल सका है। बताया जा रहा है कि 16 जुलाई को छापेमारी शु रू होते ही अमन कसौधन फरार हो गया था और तभी से उसका मोबाइल फोन बंद है।अमन अपने नाम से अमन फार्मास्यूटिकल कंपनी संचालित क र बड़े पैमाने पर नकली और नशीली दवाओं का अवैध कारोबार कर रहा था।शासन के निर्देश पर नौ जिलों की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन वि भाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर एक करोड़ तेरह लाख रुपये की नकली और नशीली दवाएं बरामद की थीं। इस मामले में अमन के भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।नगर कोतवा ली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पूरे नेटवर्क की जां च तेज कर दी है।पुलिस अमन की कॉल डिटेल खं गाल रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि किन-किन लोगों ने उससे अवैध रूप से नशीली और नकली दवाएं खरीदी थीं।नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि अमन की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं, जिनमें सर्विलांस टीम भी शामिल है।

# रामलीला की बाउंड्री तोड़े जाने पर आक्रोश, कल से बाजार बंद की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय




खुदागंज - 200 वर्ष पुरानी रामलीला मेले की बाउंड्री बाल तोड़े जाने से व्यापारियों व हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया है व्यापारियों ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने तक बाजार बंद की चेतावनी दी है बुधवार को कुछ लोगों द्वारा रामलीला ग्राउंड की दीवार तोड़ दी गई जिससे व्यापारियों व हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया बड़ी संख्या में व्यापारी ब नागरिक थाने पर पहुंच गए और पुलिस को शिकायती पत्र देकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की व्यापारियों का आरोप है की प्राचीन काल से बनी यह बाउंड्री तोड़कर कुछ लोग रामलीला मैदान पर कब्जा करना चाहते हैं कुछ समय पहले भी वह लोग बाउंड्री तोड़ चुके हैं उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने तक खुदागंज बाजार बंद किए जाने की चेतावनी दी आरोप है की एक पूर्व प्रधान द्वारा रामलीला ग्राउंड के पास कुछ जगह खरीद कर दुकान बनवाई गई थी जो दुकानों का रास्ता साफ करने के लिए बाउंड्री बाल तोड़ रहे हैं जिसका पूर्व में भी समझौता कराया जा चुका है परंतु इस बार पुनः बाउंड्री बाल तोड़े जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया है व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी ने बताया कि जब तक बाउंड्री बाल ठीक नहीं होती और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा उन्होंने कहा इससे तमाम हिंदू संगठनों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की

# डिप्टी सीएम को काले झंडे की पुलिस को भनक तक नहीं लगी

## पुलिस-इंटेलिजेंस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, सोती रही खुफिया एजेंसियां व पुलिसं

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के दौरे के दौरान समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाकर किए गए विरोध के बाद सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि जलालाबाद क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री के काफिले के गुजरने के दौरान समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव अखिलेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता काले झंडे लेकर पहुंच गए और काफिले के सामने विरोध प्रदर्शन किया। आश्चर्यजनक बात यह रही कि स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू), इंटेलिजेंस और स्थानीय पुलिस को इसकी पूर्व सूचना तक नहीं मिल सकी। विरोध कर रहे कार्यकर्ता आसानी से काफिले तक पहुंच गए, काले झंडे दिखाकर नारेबाजी की और इसके बाद मौके से निकल गए। पुलिस न तो उन्हें पहले रोक सकी और न ही विरोध के बाद किसी प्रदर्शनकारी को हिरासत में ले पाई। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र की सतर्कता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों के बीच भी इसे लेकर बयानबाजी शुरू हो गई है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जानकारी की जा रही है कौन लोग थे वीडियो वायरल से जानकारी मिली है अरविंद कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक थाना जलालाबाद डिप्टी सीएम के कार्यक्रम से मैडम अभी आवास पर आई, थोड़ी देर बाद बात होगी पीआरओ दीक्षा भंवरे एसपी ग्रामीण शाहजहांपुर

# परशुरामपुरी पहुंचे डिप्टी सीएम ने परशुराम मंदिर में की पूजा अर्चना

## वैदिक पूजन के बाद बटुकों को किया सम्मानित, जनसभा को किया संबोधित

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने बुधवार को जनपद शाहजहांपुर की तहसील जलालाबाद पहुंचकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की तथा मंदिर में वैदिक पूजन और बटुकों का सम्मान किया।

मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उपमुख्यमंत्री से पूजन कराया। पूजा के बाद नैमिषारण्य से आए संस्कृत विद्यालय के बटुकों को उन्होंने तिलक लगाया, अंगवस्त्र भेंट किए और दक्षिणा देकर सम्मानित किया।

इसके बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा, महापौर अर्चना वर्मा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, कौशल किशोर मिश्रा, विनीत कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



परशुराम पुरी में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के कार्यक्रम की झलकियां

जनसभा

महापुरुषों के नाम से होनी चाहिए क्षेत्र की पहचान

रामताल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्मस्थली अब 'परशुरामपुरी' के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को उनके गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के नाम से पहचान मिलना चाहिए। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, विद्युत आपूर्ति, सड़क, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है और उत्तर प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं से जलालाबाद क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश और अधिक प्रगति करेगा।

परशुराम पुरी के नाम से मिलेगी क्षेत्र को पहचान

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने भगवान परशुराम जन्मस्थली पर उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए 'जलालाबाद' का नाम बदलकर 'परशुरामपुरी' किए जाने देश व प्रदेश में क्षेत्र को एक अलग पहचान मिलेगी । उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को उनके गौरव के अनुरूप सम्मान मिलना चाहिए और सरकार का प्रयास है कि परशुरामपुरी को एक भव्य एवं आकर्षक धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए नगर पालिका, तहसील एवं विकासखंड का नाम भी परशुरामपुरी किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की और इसे ऐतिहासिक दिन बताया। जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी कि जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी किया जाए, जो अब पूर्ण हुई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में तहसील एवं विधानसभा क्षेत्र का नाम भी परशुरामपुरी किए जाने की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्पों को लगातार धरातल पर उतार रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र

# कावड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने किया पैदल मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय


कांवर यात्रा की दृष्टिगत पैदल मार्च के दौरान पुलिस बल

जलालाबाद शाहजहांपुर - आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी जलालाबाद द्वारा थाना अल्हागंज पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद द्वारा थाना क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया। साथ ही जनपद सीमा (बॉर्डर) पर सुरक्षा एवं चेकिंग व्यवस्था का अवलोकन कर संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, प्रभावी चेकिंग तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु मार्ग पर उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी जलालाबाद द्वारा निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी मुस्तैदी, संवेदनशीलता एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाए।

## संक्षेप

### डिप्टी सीएम के काफिले को दिखाएं काले झंडे

जलालाबाद शाहजहांपुर जागरण मोर्चा कार्यालय । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के शाहजहांपुर आगमन के दौरान समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। जलालाबाद से मिर्ज़ापुर जाते समय समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव अखिलेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम के काफिले के सामने काले झंडे दिखाकर अपना विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। सपा नेताओं ने कहा कि यह विरोध लोकतांत्रिक तरीके से जनसमस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है। इस दौरान विपिन यादव, योगेश यादव, पवन यादव, सर्वेश यादव, सुजल मिश्र, सचिन यादव, राज गिहार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दिल्ली आंदोलन समर्थन की आशंका में किया नजर बंद

तिलहर शाहजहांपुर जागरण मोर्चा कार्यालय । दिल्ली में चल रहे कॉकरोच जनता पार्टी के युवाओं के समर्थन और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार करने के विरोध में के लिए दिल्ली कूच करने की आशंका के चलते कोतवाली पुलिस ने युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साद उल्ला खां को हाउस अरेस्ट कर लिया । पुलिस को आशंका थी कि साद उल्ला खां के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसियों का जत्था दिल्ली कूच कर सकता है। युवा कांग्रेसी नेता ने इस बावत कहा कि शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन हमारा संवैधानिक अधिकार है । निहत्थे छात्र छात्राओं पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज और सादा वर्दीधारी लोगों द्वारा दमन करना देश के लिये कलंक है। लोक तंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

### जौहर विश्व विद्यालय ध्वस्त करने के खिलाफ सपाइयों में उबाल

शाहजहांपुर जागरण मोर्चा कार्यालय । समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपकर रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने की प्रस्तावित कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि यदि भवनों का ध्वस्तीकरण किया जाता है तो इससे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं की शिक्षा, शोध कार्य और आवासीय व्यवस्था प्रभावित होगी। पार्टी ने छात्रों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरे मामले का न्यायपूर्ण और संवेदनशील समाधान निकालने की मांग की। समाजवादी पार्टी ने ज्ञापन में देशभर में लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं पर भी चिंता जताई। कहा कि इन घटनाओं से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। पार्टी ने पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की मांग की। इसके साथ ही दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर हुए कथित लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने तथा यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाए तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग भी ज्ञापन में उठाई गई। समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर न्यायोचित निर्णय सुनिश्चित किया जाए।

## टोल वसूली को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर पलिया हाईवे स्थित महानंदपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं से टोल वसूली किए जाने के विरोध में मंगलवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। भाकियू जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर धरना देकर टोल वसूली का विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान करीब आधे घंटे तक टोल प्लाजा पर वाहनों से कोई शुल्क नहीं लिया गया। इस दौरान दोनों ओर से गुजरने वाले वाहन बिना टोल दिए ही निकलते रहे, जिससे टोल संचालन प्रभावित रहा। सूचना पर टोल प्लाजा प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। किसानों ने टोल वसूली को लेकर अपनी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। इस पर टोल मैनेजर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में संगठन की मजबूत पर मंथन, वूथ अध्यक्ष को बताया संगठन की रीढ़

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। गांधी भवन में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने की। मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर प्रदेश की प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य हरि सिंह ढिल्लों रहे। वक्ताओं ने बूथ अध्यक्षों को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संभव है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने तथा मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं संगठन के कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार, जनसेवा और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को

# ऑनलाइन ठगी में रुपये गवाएं, साइबर पुलिस की कोशिश ने लौटाए

जागरण मोर्चा कार्यालय




शाहजहांपुर। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 1.28 लाख रुपये वापस कराए हैं। मामले की विवेचना अभी जारी है। पुलिस के अनुसार, खुदागंज थाना क्षेत्र के सदर निवासी दिवाकर विक्रम सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जूडियो ट्रेंड (फ्रेंचाइजी) दिलाने के नाम पर साइबर ठगों ने उनसे 5.23 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम में मुकदमा संख्या 09/2026, धारा 318(4) बीएनएस एवं 66-डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साइबर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ठगी में प्रयुक्त दो बैंक खातों को तत्काल होल्ड कराया। इसके बाद एक बैंक खाते से पीड़ित के 1.28 लाख रुपये वापस कराने में सफलता मिली। शेष धनराशि की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विवेचना जारी है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम शुभम वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रजनीश कुमार और उनकी टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर बिना देर किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि 'गोल्डन आवर' के दौरान कार्रवाई कर अधिक से अधिक धनराशि फ्रीज कर वापस कराई जा सके।

## मकान की आड़ में चल रहा था देह व्यापार, मकान सील

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में राठ कस्बे में देह व्यापार का धंधा संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को मकान में छापा मारा। लेकिन मौके पर कोई नहीं मिला।पुलिस ने मकान को सील कर दिया और मकान संचालक के विरुद्ध मुकादमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

## कार्यक्रम सूचना

देश में मेडिकल की सबसे बड़ी परीक्षा नीट में छात्रों के साथ हुई धांधली के विरोध में तिलहर कांग्रेस कल 23/07/26 बृहस्पतिवार शाम 6 बजे पुराने बस अड्डे से अंबेडकर पार्क तक ''मौन कैंडल मार्च'' निकालेगी. मुख्य जानकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रोफ़ेसर जाने आलम ने दी।

## एक नजर

### खेत पर काम कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में खेत पर काम कर रहे एक किसान को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव पसेई निवासी राकेश कुमार (55) पुत्र बृजलाल सोमवार दोपहर अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान किसान को सांप ने डस लिया। शुरुआत में उसे इसका एहसास नहीं हुआ और वह खेत पर काम करता रहा। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने किसान मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई ।सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 25 हजार का इनामी डबल मर्डर का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, सिपाही भी घायल

## पुलिस ने न्यायालय में किया आरोपी को पेश, भेजा गया जेल, जमीन के विवाद में भांजे व बहन की गोली मारकर कर दी थी युवक ने हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिला अस्पताल में सिपाही का हाल जानने पहुंची एस एसपी अंकिता शर्मा व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** थाना कादरचौक पुलिस ने डबल मर्डर के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में एक सिपाही घायल हो गया, जबकि आरोपी के पैरों में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कादरचौक पुलिस टीम ने आरोपी को भदरौल तिराहे के पास जंगल में घेर लिया। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें आरक्षी आकाश चौहान के बाएं हाथ में गोली लग गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को घायल कर दबोच लिया।

> भांजे में बहन के हत्यारोपी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। उसके दोनों पैरों में गोली लगी। साथ ही एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया है। उपचार के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।
>
> -अंकिता शर्मा, एसएसपी बदायूं

गिरफ्तार आरोपी वीर सिंह (45) पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम बखतपुर थाना कादरचौक है, जो 15 जुलाई की रात हुए दोहरे हत्याकांड में वांछित था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने भांजे आकाश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद अपनी बहन संतोष देवी को भी गोली मार दी, जिनकी इलाज के दौरान 17 जुलाई को मौत हो गई थी।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जमीन के लेन-देन को लेकर बहन और भांजे से विवाद चल रहा था। दोनों जमीन के पैसे में हिस्सेदारी मांग रहे थे, जिससे नाराज होकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा, छह जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस और एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल सिपाही और आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार

### आईआईपीए शाखा बदायूं की बैठक सम्पन्न, दिवंगत कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता को दी श्रद्धांजलि



शोक सभा में मौजूद समाजसेवी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान शाखा बदायूं की एक महत्वपूर्ण बैठक शक्ति टेंट हाउस में आयोजित हुई, जिसमें संस्थान के वार्षिक कार्यक्रमों एवं वित्तीय विवरण पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत दिवंगत कोषाध्यक्ष एवं आजीवन सदस्य वेद प्रकाश गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान वक्ताओं ने उनके संस्थान के प्रति समर्पण और योगदान को याद किया। शाखा अध्यक्ष अशोक खुराना ने कहा कि जीवन नश्वर है और व्यक्ति अपने कर्मों से ही याद किया जाता है। बैठक में कोषाध्यक्ष के रिक्त पद को भरने के संबंध में भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में सचिव रामवीर सिंह (सेवानिवृत्त एडीएम), अपर सचिव डी.के. चड्डा, रजनी मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, सुमित कुमार समेत कई सदस्य मौजूद रहे। साथ ही स्व. वेद प्रकाश गुप्ता के परिजन नितिन प्रकाश गुप्ता और जया गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### पिता-पुत्री से मारपीट करने पर मां-बेटे पर प्राथमिकी

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बद्री प्रसाद कॉलोनी निवासी बृजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 जुलाई की रात 9 बजे वह अपने घर में बैठा था। तभी पड़ोस में रहने वाला विकास व उसकी मां गीता घर के अंदर घुसकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मां-बेटे ने उसे जमकर पीटा। बचाव को आई उसकी पुत्री मुस्कान को भी दोनों ने जमकर पीटा। जिसमें उसे काफी चोट आई है। पुलिस ने मां-बेटे पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### पिता-पुत्र से मारपीट में चार नामजद समेत अज्ञातों पर प्राथमिकी

**बदायूं।** संभल जिले के थाना चंदौसी के मोहल्ला सुभाष रोड निवासी सचिन जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने भट्ठे की जमीन का मुकदमा जीत चुका है। 19 जुलाई की शाम 4 बजे वह अपने भट्ठे की जमीन समतल करा रहा था। तभी थाना फैजगंज बेहटा के गांव कौरेरा निवासी गजेंद्र, राजवीर, सत्यपाल, वीरपाल व कुछ अज्ञात लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो सभी लोगों ने मिलकर उसके व पिता राजेंद्र जायसवाल के साथ मारपीट की। जिसमें दोनों को काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने चार नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### रास्ते के निकास को लेकर विवाद, चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव आनंदीपुर निवासी मुदस्सिर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका मकान गांव के बाहर बना हुआ है। गांव के ही फैजान, अफजाल, अरमान व अनस उसके घर के सामने जबरन अपने वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे उसका आवागमन बाधित हो जाता है।18 जुलाई की रात 9 बजे उसने अज्ञात व्यक्ति का ट्रैक्टर उधर से निकलवा दिया। इसी बात पर फैजान, अफजाल, अरमान व अनस समेत कुछ अज्ञात लोग आ गए और उसके साथ मारपीट की। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने चार नामजद समेत अज्ञातों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### युवक से मारपीट में मां-बेटी पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव नदायल निवासी आसमा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जुलाई की रात 10 बजे वह अपने घर पर थी। उसका बेटा अल्फेज छत पर गया था। तभी पड़ोस में रहने वाली शबनम व उसकी बेटी फिजा ने बेटे के साथ मारपीट की। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मां-बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### जानलेवा हमले के तीन दोषियों को दस-दस साल की सजा, प्रत्येक आरोपी पर 15-15 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

बदायूं। अपर सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार की कोर्ट ने जानलेवा हमला, मारपीट और आर्म्स एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी बृजपाल, बुधपाल और मुकेश को जानलेवा हमले में 1010 वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही दोषियों को 15-15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की धनराशि में से 15 हजार रुपये की रकम घायल जागन सिंह को प्रतिकर के रूप में प्रदान करने का आदेश दिया है। थाना सहसवान के ग्राम सुर्करा निवासी नीरज ने 25 अगस्त 2017 को सहसवान थाने में तहरीर दी। बताया कि 24 अगस्त की देर शाम 8:00 बजे उसके पिता घर के बाहर खड़ंजे पर बैठे थे। तभी बृजपाल व मुकेश गालियां देते हुए आए। ब्रजपाल पुत्र राजेंद्र के हाथ में तमंचा था। बुधपाल व मुकेश के हाथों में डंडा थे। आते ही बृजपाल ने उसके पिता पर फायर कर दिया। फायर उसके पिता के कंधे पर लगा। इससे वह गिर गए। फायर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने विवेचना कर आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन कर तीनों आरोपियों को दोषी करार देने के बाद सजा सुनाई। कोर्ट ने माना कि दोषियों ने एक राय होकर घायल जागन पर तमंचे से गोली का प्रहार किया जो गोली कंधे पर लगी, जिससे उसकी मौत भी हो सकती थी।

# भूजल सप्ताह: पहाड़पुर में रैली निकालकर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय




रैली में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** भूमि संरक्षण इकाई (कृषि विभाग) के तत्वावधान में बुधवार को विकास खंड अम्बियापुर के ग्राम पहाड़पुर में भूजल सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई।

रैली का उद्देश्य गिरते भूजल स्तर को बचाने और लोगों को जल संरक्षण के उपायों के प्रति जागरूक करना रहा। भूमि संरक्षण अनुभाग के अवर अभियंता पूरन सिंह ने किसानों को खेत-तालाब योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से किसान अपने खेतों में तालाब बनवाकर वर्षा जल का संचयन कर सकते हैं, जिससे सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

कार्यक्रम में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपने घरों और छतों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। राहुल कुमार और देवेंद्रपाल सिंह ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए भूमि संरक्षण इकाई के कार्यों की सराहना की और ग्रामीणों से जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

इस अवसर पर अवर अभियंता पूरन सिंह, वीरेश कुमार, देवेंद्रपाल सिंह, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बकरे के विवाद में परिवार से मारपीट, चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव नदायल निवासी नाजरीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 जुलाई की दोपहर 2 बजे गांव के शोएब, सालिम, साकिब व अनस से कुछ दिन पहले बकरे को लेकर कहासुनी हो गई थी। महिला का कहना है कि आरोपितों ने बकरे पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया था। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया. जिसका गांव के लोगों ने फैसला करा दिया था। जिसमें बकरे के वजन का बकरा या उसकी कीमत देने की बात तय हुई थी। लेकिन आरोपितों ने न तो बकरा दिया और न ही उसकी कीमत। जब उसने व बेटे फारुख ने बकरे की कीमत मांगी तो सभी ने गाली गलौज करते हुए परिवार के साथ मारपीट की। जिसमें परिवार के लोगों को काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ट्यूबवेल में सो रहे किसान की करंट लगने से मौत, परिवार में कोहराम

**उघैती थाना क्षेत्र के गांव खिरकबाड़ी भूड़ की घटना**

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक का फाइल फोटो।

**बदायूं।** उघैती थाना क्षेत्र में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। किसान ट्यूबवेल के पास बनी झोपड़ी में बुधवार तड़के बिजली के तारों में पंखे के तार लगा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। उघैती थाना क्षेत्र के गांव खिरकबाडी भूड़ निवासी राजपाल (48) अपने घर के सामने बने ट्यूबवेल के पास झोपड़ी में सो रहे थे। बताया जाता है कि बुधवार तड़के लगभग 4:30 बजे वह उठे और टेबल फैन का तार वहां लगे बिजली तारों में लगा रहे थे, तभी उनका हाथ तारों से छू गया। जिससे उन्हें करंट का जोरदार झटका लगा और वह जमीन पर गिर गए। कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया है। जिसमें दो पुत्रों और एक पुत्री की शादी हो गई। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

# पत्नी को प्रेमी के साथ पकड़ा, पति ने प्रेमी पर किया धारदार से हमला, घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिनावर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का प्रेम-प्रसंग का एक अनोखा मामला सामने आया है। प्रेम-प्रसंग के चलते एक विवाहिता गुपचुप तरीके से अपने प्रेमी से मिलने पहुंच गई। मामले की भनक लगते ही उसका पति भी पीछे से पहुंच गया। पत्नी को प्रेमी के साथ देखकर पति बौखला गया और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियारों से प्रेमी पर हमला बोल दिया। इससे वह बेहोश होकर गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में युवक को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला मंगलवार दोपहर करीब एक बजे मायके से ससुराल जाने के लिए निकली। उसका मायका और ससुराल एक ही थाना क्षेत्र में है। पुलिस को पूछताछ में पता लगा कि चलते समय महिला की बात उसके ससुराल के गांव निवासी प्रेमी से हो गई। पति पहले से ही उस पर शक करता था, इसलिए उसने उसके पीछे अपने लोगों को लगा दिया। उधर, महिला अपने प्रेमी से मिलने के चक्कर में सीधे बिनावर न जाकर थाना क्षेत्र के गांव विजय नगला पहुंच गई। प्रेमी पहले से ही वहां मौजूद था। दोनों सिकरोड़ी रोड पर पैदल आ रहे थे। इसी बीच वहां पति पहुंच गया और साथियों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद उसने और उसके साथियों ने प्रेमी पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग भी मौके पर पहुंच गए। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल प्रेमी को एंबुलेंस की मदद से बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# किशोरी को ले जाने के आरोप में दो युवकों पर रिपोर्ट

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय किशोरी को बहलाकर ले जाने के मामला सामने आया है। पुलिस ने किशोरी के भाई की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 13 वर्षीय बहन को गांव के ही राकेश पुत्र प्रकाश और संभल जिला के गांव चिरौली निवासी राजीव बहलाकर अपने साथ ले गए थे। गांव के कई लोगों ने उन्हें ले जाते देखा है। उनकी बहन अपने साथ सोने चांदी के करीब पांच लाख रुपये के जेवर भी ले गई है। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पति की हत्या में पत्नी को उम्रकैद प्रेमी साक्ष्य के अभाव में बरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **सोते पति को गोली मारने की दोषी पत्नी को उम्रकैद, 25 हजार जुर्माना**

**बदायूं।** पति की गोली मारकर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कु. रिंकू की अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए पत्नी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोषी पत्नी पूजा उर्फ कमलेश उर्फ मधु को उम्रकैद की सजा सुनाने के साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं, इसी मामले में नामजद प्रेमी बबलू यादव को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

अपर शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार गुप्ता के अनुसार थाना कादरचौक क्षेत्र के ग्राम भदरौल निवासी आराम सिंह ने 9 जनवरी 2021 को तहरीर देकर बताया था कि 8 जनवरी की रात उसके छोटे भाई दीनदयाल (45) घर के कमरे में सो रहे थे। देर रात गोली चलने की आवाज सुनकर दीनदयाल की पत्नी पूजा ने शोर मचाया। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा खुलवाने पर दीनदयाल का शव चारपाई पर पड़ा मिला, जिसके सिर में गोली लगी थी। कमरे का पिछला दरवाजा खुला हुआ था।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो विवेचना में सामने आया कि दीनदयाल की पत्नी पूजा उर्फ कमलेश उर्फ मधु का बबलू यादव निवासी सांवती नगला, उझानी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दीनदयाल इस संबंध में बाधा बन रहा था। इसी कारण पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पीछे के दरवाजे से घर में दाखिल हुआ और कमरे में सो रहे दीनदयाल के सिर में तमंचे से गोली मार दी गई। घटना के बाद आरोपी उसी रास्ते से फरार हो गया और तमंचा गंगा नदी में फेंक दिया।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद पत्नी को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं, अभियोजन पक्ष प्रेमी बबलू यादव के खिलाफ ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके चलते न्यायालय ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया

# जबरन शारीरिक संबंध न बनाने पर भाभी से मारपीट के आरोप में देवर पर रिपोर्ट

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी सहसवान कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। उसका पति सीधा किस्म का व्यक्ति है। उसका देवर साहिल उस पर अपने साथ रहने का दबाव बना रहा है और पति को छोड़ने को कहता है। काफी समय से वह उसे परेशान कर रहा है। जब उसने देवर का विरोध किया तो उसने लाठी-डंडों से मारपीट की। महिला का आरोप है कि देवर जबरन उससे शारीरिक संबंध बनाना चाहता था। विरोध करने पर वह जाने से मारने की धमकी देता है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।






# परचूनी व्यापारी से 15 हजार की ठगी का प्रयास, फर्जी ग्राहक पकड़ा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान के मोहल्ला रुस्तम टोला में एक परचूनी व्यापारी के साथ ठगी करने का प्रयास करने वाले युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी खुद को बरेली निवासी बताकर दुकान से सामान लेने के बहाने धोखाधड़ी करने की फिराक में था।

मोहल्ला निवासी इमरान ने डायल 112 पर सूचना देकर बताया कि उसकी परचूनी की दुकान है। एक युवक स्कूटी से उसके पास आया, जिस पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी। युवक ने खुद को बरेली का रहने वाला बताते हुए इमरान से करीब चार हजार रुपये का परचूनी का सामान देने की बात कही और फिर उसे झांसे में लेकर 15 हजार रुपये नकद लेकर आने को कहा।

आरोपी की बातों में आकर इमरान 15 हजार रुपये लेकर उसके बताए स्थान पर पहुंच गया। युवक उसे एक सुनसान इलाके में ले गया और एक घर पर सामान रखवाने को कहा, जबकि उस घर से उसका कोई संबंध नहीं था। इसी दौरान आरोपी की हरकतों पर शक होने पर इमरान ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद तुरंत डायल 112 पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया है। उसकी स्कूटी भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है

**सतर्कता** राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर बदायूँ में उबाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

# संसद मार्च लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन, पुलिस ने मार्च रोका

जागरण मोर्चा कार्यालय



कांग्रेसियों को रोकते पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को बदायूँ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। नेकपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकालने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन लेकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया।

प्रदर्शन से पहले ही प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के दिल्ली कूच की सूचना पर मंगलवार शाम को पुलिस उनके नेकपुर स्थित आवास पहुंची और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। पूरी रात उनके घर पर पुलिस का पहरा रहा और उन्हें बाहर नहीं निकलने दिया गया।

बुधवार सुबह से ही आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता अजीत यादव के आवास पर जुटने लगे। दोपहर करीब 12 बजे कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च के लिए निकले, लेकिन भारी पुलिस बल ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। छात्रों पर लाठीचार्ज को उन्होंने निंदनीय बताते हुए कहा कि यह हर भारतीय परिवार पर हमला है। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ हुए अन्याय का हिसाब लिया जाएगा और कांग्रेस कार्यकर्ता उनके हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं और रोजगार के मुद्दों को भी उठाया। साथ ही शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की।

प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष बफाती मियां, प्रवक्ता प्रदीप सिंह, कोषाध्यक्ष शाजिद खान, महासचिव सलीम अंसारी, आलोक सिंह, अकरम खान, राजीव पटेल, अहमद अमजदी, मोरध्वज लोधी, सिराज अहमद, विनोद राठौर, ओमवीर दद्दा, बबलू सैफी, यूनिस रजा, शहजादा रिजवान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।







## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट में दोषी राकेश को 20 साल की कैद

**बदायूं।** पॉक्सो एक्ट न्यायालय के न्यायाधीश ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्मानि की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को देने का हुक्म दिया है। थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज कराया था। बताया था कि उसकी नाबालिक बेटी के साथ राकेश नामक युवक ने दुष्कर्म किया। इस मामले की विवेचना निरीक्षक हरपाल बालियान द्वारा की गई थी। जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। इसके बाद मॉनिटरिंग सेल और पैरोकार कांस्टेबल विनय कुमार ने अभियोजन पक्ष को मजबूत करते हुए साक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद अभियुक्त राकेश को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह ने सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

## वजीरगंज में जागरूकता चौपाल, महिलाओं को योजनाओं का लाभ लेने को किया प्रेरित

जागरण मोर्चा कार्यालय



महिलाओं की समस्या को सुनती हुई महिला आयोग की अध्यक्ष अवनी सिंह। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसके साथ ही ब्लॉक वजीरगंज में जागरूकता चौपाल भी आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद से जुड़ी एक तथा अतिरिक्त विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित पांच समेत कुल छह शिकायतें प्राप्त हुईं।

सदस्या अवनी सिंह ने सभी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाएं किसी भी प्रकार के अत्याचार को सहन न करें और अपनी आवाज उठाएं। महिला आयोग हर परिस्थिति में महिलाओं के साथ खड़ा है।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि महिला संबंधित मामलों में लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। वहीं वजीरगंज में आयोजित जागरूकता चौपाल के दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने आर्थिक व सामाजिक स्तर को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि महिलाएं अपनी शिकायत टोल फ्री नंबर 18001805220 और व्हाट्सएप नंबर 6306511708 पर भी दर्ज करा सकती हैं। चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अंजुम बी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी शैली गोविल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### देव पैलेस क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, हनी वॉरियर्स बनी चैंपियन



**बिसौली।** देव पैलेस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आठ दिवसीय 'देव पैलेस क्रिकेट टूर्नामेंट' का मंगलवार को भव्य समापन हो गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हनी वॉरियर्स और हर्षू रॉयल्स के बीच खेला गया, जिसमें हनी वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 रनों से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन हनी वॉरियर्स की टीम ने बेहतर बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर जीत दर्ज की। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली कुशू टाइटंस की टीम तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि धर्मेंद्र वार्ष्णेय ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता टीम के कप्तान हर्षू को खिताबी ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र वार्ष्णेय, मयूर वार्ष्णेय, डॉ. गुंजन वार्ष्णेय, डॉ. अनुज वार्ष्णेय, चितरंजन वार्ष्णेय, पीयूष मुरारी वार्ष्णेय, साहू सावेन्द्र गुप्ता, पुलकित वार्ष्णेय, गोपाल कृष्ण वार्ष्णेय, विशाल वार्ष्णेय, के.पी. मौर्य, नरेंद्र दिवाकर, तपन वार्ष्णेय, जतिन दिवाकर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी टीमों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

### कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**बिसौली।** आगामी कांवड़ यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को उप जिलाधिकारी प्रियंका कुमारी ने पुलिस बल के साथ रानेट चौराहा एवं औरछी चौराहे का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यात्रा मार्गों पर साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं यातायात प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। एसडीएम प्रियंका कुमारी ने कहा कि कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करना होगा। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासनिक टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### बिना मान्यता चल रहा स्कूल, बीईओ ने लगा दी रिपोर्ट, पर चुप्पी साधे बैठे बीएसए




**बदायूं।** कादरचौक में एक स्कूल बगैर मान्यता और मानक के चल रहा है। शिकायत होने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बगैर मान्यता चलने की रिपोर्ट लगाकर बीएसए के पास भेज भी दी, लेकिन उनकी तरफ से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में बीएसए की चुप्पी कहीं न कहीं संदेह पैदा कर रही है। लोगों का कहना है कि जिले में तमाम स्कूल अधिकारियों की साठगांठ से ही चल रहे हैं। कादरचौक में प्रहलाद सिंह प्राथमिक विद्यालय के नाम से एक स्कूल संचालित है। पिछले दिनों किसी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की कि ये स्कूल बगैर किसी मान्यता और मानक के संचालित किया जा रहा है। इस पर बीईओ दिलीप कुमार ने अपनी रिपोर्ट लगा दी कि जिसमें लिखा गया कि स्कूल का निरीक्षण करने पर जब प्रबंधक प्रधानाध्यापक से स्कूल संबंधी अभिलेख मांगे गए तो उनके द्वारा कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस संबंध में सारी सूचना बीएसए को भेज दी गई, लेकिन ताज्जुब की बात है कि अभी तक बीएसए द्वारा इस संबंध में कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई। बता दें कि यह स्कूल पहले एसवीएम पब्लिक स्कूल के नाम से संचालित होता था लेकिन शिकायत होने पर इसका नाम बदलकर पीएस पब्लिक स्कूल प्रहलाद सिंह पब्लिक स्कूल कर दिया गया। इसकी भी शिकायत की गई लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर, इस संबंध में जब बीएसए नवीन कुमार को फोन करके पूछा गया तो उन्होंने मामला संज्ञान में न होने की बात कहकर बीईओ की रिपोर्ट व्हाट्सएप पर डालने को कहा। जब उन्हें बीईओ की रिपोर्ट व्हाट्सएप पर भेजकर दोबारा फोन किया गया तो उन्होंने कई बार में फोन ही रिसीव नहीं किया।

# व्यापारियों ने उठाई समस्याएं, ग्रेटर नोएडा अधिवेशन में भागीदारी का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** मधुवन फार्म हाउस में आयोजित बिसौली तहसील टेंट व्यापार एसोसिएशन की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर गहन चर्चा के साथ संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में बड़ी संख्या में टेंट, बैंक्वेट, लाइट एवं डेकोरेशन व्यवसाय से जुड़े व्यापारी शामिल हुए।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एम. सगीर और साहित्यकार प्रवीण अग्रवाल ने संगठन की एकता पर जोर देते हुए कहा कि व्यापारियों को आपसी सहयोग बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन ही व्यापारियों के हितों की रक्षा कर सकता है और उनकी आवाज को प्रभावी बना सकता है।

बैठक में व्यापारियों ने विभिन्न समस्याएं रखते हुए उनके समाधान की मांग की। पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों को गंभीरता से लेकर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। साथ ही संगठन को सक्रिय और सशक्त बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष अशोक खुराना ने जानकारी दी कि 19 और 20 सितंबर 2026 को ग्रेटर नोएडा में अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने तथा स्मारिका में विज्ञापन देकर सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर सुनील शर्मा, दीपेश राजपूत, डेविड मौर्य, सुशील सक्सेना, शेखर शर्मा, सचिन, सतीश सिंह, नवल किशोर, नूरी हाफिज, धर्मेंद्र प्रधान और संजीव कुमार सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## चोरी की बालियों संग तीन महिलाएं गिरफ्तार

**बदायूं।** पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार जोड़ी पीली धातु की बालियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, वादी स्वयं गुप्ता की तहरीर के आधार पर थाना दातागंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आसमा पत्नी कुतुबद्दीन निवासी मोहल्ला पूरब चौक कस्बा ककराला थाना अलापुर, सबाना पत्नी सब्बू तथा निशा पत्नी सलीम निवासी मसूदपुर थाना उसहैत को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी कस्बा दातागंज के बाजार क्षेत्र में वादी की दुकान के पास से की गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन डिब्बों में रखी कुल चार जोड़ी पीली धातु की बालियां बरामद कीं। इनमें एक डिब्बे में एक जोड़ी, दूसरे में एक जोड़ी और तीसरे में दो जोड़ी बालियां मिलीं।

# टेंट व्यापारियों की बैठक में समस्याओं पर मंथन, संगठन की एकता पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर के मधुवन फार्म हाउस में बिसौली तहसील टेंट व्यापार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें टेंट, बैंक्वेट, लाइट एवं डेकोरेशन व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एम. सगीर एवं साहित्यकार प्रवीण अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में व्यापारियों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी व्यापारी एकजुट होकर अपनी समस्याओं को सामूहिक रूप से नहीं उठाएंगे, तब तक उनका समाधान संभव नहीं है। बैठक में व्यापारियों ने अपने-अपने स्तर पर व्यवसाय से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनमें बढ़ती लागत, प्रशासनिक दिक्कतें और प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियां शामिल रहीं। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने अधिक से अधिक व्यापारियों से इसमें सहभागिता करने और स्मारिका में विज्ञापन देकर एसोसिएशन को सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में सुनील शर्मा, दीपेश राजपूत, डेविड मौर्य, सुशील सक्सेना, शेखर शर्मा, सचिन, सतीश सिंह, नवल किशोर, नूरी हाफिज, धर्मेंद्र प्रधान, संजीव कुमार सहित क्षेत्र के कई प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध की आशंका, सपा कार्यकर्ता नजरबंद

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की निगरानी में बैठे सपा नेता। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में संभावित प्रदर्शन को लेकर जनपद में पुलिस बुधवार को अलर्ट मोड पर रही। सपा लोहिया वाहिनी द्वारा दिल्ली कूच के ऐलान के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कई कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया। इसी क्रम में लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव एड. राहुल यादव भीष्म के नेतृत्व में दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं को उनके कैंप कार्यालय श्यामपुर हाउस पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के चलते कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना नहीं हो सके।

एड. राहुल यादव भीष्म ने पुलिस की इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन सरकार और प्रशासन इसे दबाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों, युवाओं, किसानों और गरीबों के अधिकारों पर हमला किया गया तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य गजराज सिंह यादव ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना अपराध नहीं है, बल्कि यह जनता का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि सपा इस अधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर लड़ाई जारी रखेगी। इस दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राहुल गांधी-अखिलेश यादव की हिरासत के विरोध की आशंका, बिसौली में कार्यकर्ता नजरबंद

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिसौली में सपा कार्यकर्ता नजरबंद। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की हिरासत के बाद प्रदेशभर में विरोध की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। हालिया घटनाक्रम के बाद कई जिलों में सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किए हैं, जिससे प्रशासन सतर्क हो गया है।

इसी क्रम में बुधवार को बिसौली में लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट राहुल यादव भीष्म के नेतृत्व में दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उनके कैंप कार्यालय श्यामपुर हाउस पर ही नजरबंद कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली।

एड. राहुल यादव भीष्म ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताना हर नागरिक का अधिकार है, जिसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिना अनुमति किसी भी प्रकार का प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य गजराज सिंह यादव, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन समेत कई कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर लगातार नजर रखी गई।

# सीएमओ सरकारी काम में व्यस्त : रहनुमा अस्पताल को बचाने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय




इसी अस्पताल में हुई थी प्रसूता की मौत। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखूपुर रोड स्थित रहनुमा कॉसमॉस अस्पताल में हुई प्रसूता की मौत के बाद शासन ने मामले पर संज्ञा ले लिया है। डीजी हेल्थ ने सीएमओ को तलब किया है। वहीं सीएमओ सरकारी काम में व्यस्त होने की वजह से बाहर हैं लेकिन यहां मौजूद स्टाफ अधिकारी रहनुमा अस्पताल को बचाने की जुगत में लगे हुए हैं। बुधवार को दिनभर इसका खेल चलता रहा। देर शाम तक इस खेल में अधिकारी व कर्मचारी लगे हुए दिखाई दिए। अस्पताल संचालक को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही आपका अस्पताल खुलवा दिया जाएगा,जिससे अस्पताल संचालक के हौसले बुलंद हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र के शेखूपुर रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत के बाद सोमवार सुबह को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह परिजनों को शांत कराते हुए जांच का आश्वासन दिया। तीन दिन बाद भी आरोपी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। वहीं विभाग ने भी कोई कठोर कार्रवाई नहीं की है। ओटी को सील कर इत श्री कर दी गई है, जबकि रहनुमा अस्पताल में एनआरसी वार्ड संचालित हो रहा था। जबकि इसकी कोई अनुमति विभाग से नहीं मिली है।

सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के शेखूपुर निवासी अमित ने 15 जुलाई को प्रसव पीड़ा होने पर अपनी 25 वर्षीय पत्नी सुमन को शेखूपुर रोड स्थित रहनुमा अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल संचालकों ने सुरक्षित प्रसव का भरोसा दिलाते हुए 30 से 40 हजार रुपये खर्च आने की बात कही थी। इसी भरोसे में आकर उन्होंने प्रसूता को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

> सरकारी कार्य से आज बाहर हूं। अस्पताल की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। अगर टीम मौके पर नहीं गई है तो आज उनको भेजा जाएगा। जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। इस तरह के कृत्य करने वाले अवैध अस्पताल व निजी नर्सिंग होम पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।
>
> –विकास शर्मा, सीएमओ बदायूं

परिजनों का कहना है कि अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टरों की कमी है और अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा प्रसव कराया जाता है। रविवार को अचानक सुमन की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन अस्पताल के स्टाफ ने उसे सही इलाज देने के बजाय लगातार इंजेक्शन लगाते रहे। हालत गंभीर होने के बावजूद किसी बड़े अस्पताल में रेफर नहीं किया गया, जिससे प्रसूता की रविवार रात को मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह अस्पताल लंबे समय से मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहा है और पहले भी कई प्रसूताओं व गर्भवतियों की यहां मौत हो चुकी है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अस्पताल संचालकों के हौसले बुलंद हैं।

हंगामे की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने परिजनों को मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन किसी तरह शांत हुए।

इस घटना के बाद क्षेत्र में निजी नर्सिंग होमों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई अस्पताल बिना पर्याप्त सुविधाओं और योग्य डॉक्टरों के ही संचालित हो रहे हैं, जहां मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है।

**दिक्कत** बदायूं शहर में जाम की स्थिति को लेकर गंभीर नहीं है प्रशासन

# दातागंज तिराहे से नवादा तक दूसरे दिन भी दिन भर लगा रहा भीषण जाम, बेहाल हुए लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। मंगलवार को दातागंज तिराहे से लेकर नवादा तक पूरे दिन भीषण जाम की स्थिति बनी रही, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण सड़कों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं और लोग घंटों फंसे रहे।

स्कूल बसें, एंबुलेंस और दैनिक कामकाज के लिए निकलने वाले लोग जाम में फंसकर परेशान दिखे। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए, जबकि कुछ लोग जाम से बचने के लिए गलियों का सहारा लेते दिखाई दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के चलते आए दिन ऐसी स्थिति बन रही है।

लोगों ने आरोप लगाया कि टीएसआई की तैनाती के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मी नदारद दिखे, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो समस्या और विकराल हो सकती है।

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके।



## गीता सार

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्यांश्चक्षुश्चैवान्तरे भ्रुवोः।
प्राणापानौ समौ कृत्वा नासाभ्यन्तरचारिणौ॥
यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥

**हिंदी अर्थ :** बाहर के विषयों को न अनुभव करते, नेत्रों की दृष्टि को दोनों भोहों के बीच में स्थिर कर और नासिका में विचरने वाले प्राण और अपान वायु को सम करके, जीते हुए मन, बुद्धि और इंद्रियों वाला मोक्षपरायण मुनि, जो इच्छा, भय और क्रोध से रहित हो गया है, वह सदा मुक्त ही है।

# वक्त का पहिया

रूस की ओर से किए गए मिसाइल हमलों में यूक्रेन तट पर एक कमर्शियल जहाज में मौजूद चार भारतीय नाविकों की मौत के बाद भारत ने नई दिल्ली में मौजूद रूसी राजदूत को तलब कर औपचारिक विरोध दर्ज कराया है। भारत-रूस दशकों पुराने रणनीतिक साझेदार हैं। सोवियत संघ के दौर से दोनों देशों के रिश्ते भरोसे की मिसाल माने जाते रहे हैं। लेकिन भारतीय नागरिकों की मौत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे यह पहला मौका नहीं है, जब रूस ने भारत को निराश किया हो। करीब तीन दशक पहले भी एक ऐसा दौर आया था, जब मॉस्को ने अमेरिकी दबाव में नई दिल्ली से किया



अपना अहम वादा तोड़ दिया था। वह फैसला भारत के लिए किसी झटके से कम नहीं था। लेकिन इतिहास गवाह है कि कई बार सबसे बड़ा झटका ही सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। हम बात कर रहे हैं क्रायोजेनिक इंजन तकनीक की। रूस ने इस इंजन डील को तोड़ दिया था। फिर भारत ने उसी दिन तय कर लिया कि अब किसी के आगे हाथ नहीं फैलाएगा। उस फैसले का नतीजा आज पूरी दुनिया देख रही है। 1991 का दौर था। भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाई देना चाहता था। पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल पर काम आगे बढ़ चुका था, लेकिन अगर दो टन या उससे ज्यादा वजन वाले संचार उपग्रहों को 36 हजार किलोमीटर ऊपर जियोस्टेशनरी कक्षा में पहुंचाना था, तो एक ऐसी तकनीक चाहिए थी, जो भारत के पास नहीं थी। क्रायोजेनिक इंजन साधारण रॉकेट इंजन नहीं होता। इसमें बेहद कम तापमान पर रखी गई तरल हाइड्रोजन और तरल ऑक्सीजन का इस्तेमाल ईंधन के रूप में होता है। यह रॉकेट को अंतिम चरण में सबसे ज्यादा ताकत देता है। बिना इसके भारी उपग्रह अंतरिक्ष में भेजना लगभग असंभव था। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रूस की अंतरिक्ष एजेंसी ग्लावकोस्मोस के साथ समझौता किया। समझौते के तहत रूस सिर्फ कुछ तैयार इंजन ही नहीं देने वाला था, बल्कि पूरी तकनीक भारत को ट्रांसफर करनी थी। अगर यह डील पूरी हो जाती तो भारत 1990 के दशक के मध्य तक अपना जीएसएलवी लॉन्च व्हीकल तैयार कर लेता। तब इस समझौते को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का सबसे बड़ा मोड़ माना जा रहा था। भारत और रूस के बीच समझौता हो चुका था। तभी वॉशिंगटन ने दावा किया कि अगर रूस ने यह तकनीक भारत को दी तो इससे भारत की मिसाइल क्षमता बढ़ जाएगी। अमेरिका ने इसे मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजीम के नियमों का उल्लंघन बताया। उसने रूस पर आर्थिक और तकनीकी दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया। उस समय सोवियत संघ टूट चुका था।

### अयोध्या के बाद मथुरा

# यूपी में अगले विधानसभा चुनावों का अखाड़ा



**मनोज वाष्र्णेय**

> मथुरा में पूरे देश से कारसेवकों को आने का आह्वान तथा कार सेवा का ऐलान, आजाद भारत में मंदिर निर्माण के लिए यह कारसेवा नंबर दो है। पहली कारसेवा अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण के लिए हुई थी और यह दूसरी अब 34 साल बाद मथुरा में होने जा रही है। पहली कारसेवा का परिणाम सभी देख चुके हैं, अब दूसरी से क्या होगा हर भारतवासी के दिल में कचोट रहा है। चर्चा है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद की आंधी का जवाब अब मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में कारसेवा के तूफान से देने की तैयारी आरंभ हो गई है। मथुरा में कारसेवा का आह्वान करना एक ऐसी रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जो अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों में तहलका मचा दे। पहले जो तारीख तय की गई थी, वह 9 अगस्त 2026 थी। फिर अखाड़ा परिषद ने कुछ सोचकर 9 अगस्त को कैंसिल कर दिया और कहा कि अगली तारीख का ऐलान बाद में होगा।

अब कहा यह जा रहा है कि कांवड़ मेला के बाद यह तारीख तय की जाएगी। कांवड़ मेला इस बार 11 अगस्त 2026 तक है। पहले शायद जल्दीबाजी में यह तारीख तय कर दी गई थी। कांवड़ मेले में काफी संख्या में संत-महात्मा जाते हैं और अमरनाथ यात्रा में भी संतों की भागीदारी बड़े स्तर पर होती है, ऐसे में 9 अगस्त को उनकी उपस्थिति कम हो सकती है। शायद यही सोचकर 9 अगस्त की तारीख को रद्द किया गया है। इस बात को जानने की उत्सुकता सभी में है कि इस कार सेवा में सिर्फ साधु-संत ही शामिल होंगे या सामान्य नागरिक भी होंगे और इस कारसेवा में क्या किया जाएगा? खैर, चढ़ावा चोरी का मामला समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने जून माह में एक प्रेस वार्ता करके उठाया था, इसके बाद पूरे देश में इसे मुद्दा बना दिया गया। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अयोध्या में सन 1990 में सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने ही कारसेवकों पर गोली चलवाई थी। इस तरह पहले पिता और अब पुत्र, शायद कारसेवा के बायस बनेंगे। राम के नाम पर विवाद करने के लिए इन दोनों की ही आलोचना उनके विरोधी करते रहे हैं। इस वक्त मंदिरों में दान-पुण्य के नाम पर हो रहे घोटाले सामने आ रहे हैं, उनकी संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। राम मंदिर के बाद उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर में घोटाले की पर्तें उधड़ना आरंभ हो चुकी हैं। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान में रकम गबन के आरोप हैं, मध्यप्रदेश के मां बगलामुखी मंदिर में भी रकम चोरी की शिकायत है। राजस्थान में लकवा के उपचार के लिए प्रसिद्ध बुटाटी धाम में हेराफेरी की शिकायत है। वर्ष 2024 में केदारनाथ मंदिर से भी करीब 20 किलो से अधिक सोने की प्लेटों के गायब होने की बात सामने आयी थी, लेकिन बाद में इसे वहां की दीवारों में मढ़वाना बताया गया। इसके साथ ही कई और भी मंदिर हैं, जहां चढ़ावा चट किये जाने का शक गहराता जा रहा है। खैर, मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद, राममंदिर की तरह खिंच रहा है और अब संत-महात्माओं की इस घोषणा के बाद क्या होगा, सवाल यह है? क्या अयोध्या की तरह कारसेवा को



इमेज

दोहराएंगे या फिर कोई और दूसरी रणनीति है। 13 अखाड़ा परिषदों के संगठन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के इस ऐलान के बाद यह बात भी उठ रही है कि श्रीकृष्ण के वंशज कहे जाने वाले यदुवंशी अर्थात यादवों के मुखिया का दावा करने वाली सपा के प्रमुख अखिलेश यादव क्या करेंगे? वैसे यह भी कहा जा रहा है कि वह खुद यहां आकर एक ईंट लगाकर श्रीकृष्ण मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ कराएं? अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता डॉ. रविंद्र पुरी के इस बयान के बाद कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अखिलेश यादव से पूछे गए प्रश्न कि वह मथुरा श्रीकृष्ण मंदिर मामले में अपनी राय स्पष्ट करें को भी देखा जा रहा है। इस तरह देखा जाए तो अगले वर्ष होने वाले चुनावों से पहले उत्तर प्रदेश एक बार फिर राम के बाद श्रीकृष्ण के नाम पर राजनैतिक अखाड़ा बनने जा रहा है। इस बात से इनकार नहीं है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति दूसरी बातों से कम धार्मिक भावनाओं से अधिक प्रभावित होती है और अगर कारसेवा की घोषणा हुई है तो इसके पीछे भी कहीं न कहीं सत्ता की रणनीति हो सकती है। कारसेवा का दवाब कांग्रेस और सपा के साथ ही बसपा पर भी आएगा। इसका सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। कारण यह कि भाजपा चढ़ावा मामले में उस प्रकार से मुखर नहीं हो रही है, जिस तरह से सपा या दूसरे दल। चोरी के आरोप झूठे भी सिद्ध हो रहे हैं। काकभुशुंडि, सोना मढ़ी रामायण, बड़ा हार चोरी हो गया, गबन कर लिया गया जैसे आरोप मीडिया में तो खूब लगे पर जब वह सामने आ गए, तो इस तरह के आरोप लगाने वालों की लानत-मलामत भी खूब हुई। हालांकि अभी पूरी तरह से चढ़ावा मामला सुलझा नहीं है और इस बीच यह कारसेवा की घोषणा? अगले साल उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं और यहां के नतीजे पूरे देश की राजनीति को प्रभावित करते हैं। चुनावों के लिए अब एक साल भी नहीं बचा है और भाजपा का यह आधार रहा है कि वह चुनावों से बहुत पहले उसकी तैयारियां आरंभ कर देती है। हाल में बंगाल में हार के बाद से सभी दल इस बात से सर्तक भी हैं कि जब भाजपा वहां पर अपना झंडा फहरा सकती है, तो उसके लिए उत्तर प्रदेश को जीतना बहुत कठिन नहीं है। उत्तर प्रदेश में हाल फिलहाल कांग्रेस, बसपा या और दूसरे दलों के मुकाबले सपा की पोजीशन बहुत अच्छी है और वह अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। सपा के लिए यह भी परेशानी की बात है कि उसके परमानेंट वोटर मुस्लिम मतदाताओं के साथ ही उसके लिए काम करने वाले प्रमुख नेता भी लगभग सिमट गए हैं। इन परिस्थितियों में उसे भाजपा को हराने के लिए कोई ऐसा मुद्दा चाहिए था जिसे वह जानता के बीच ले जा सके। माना जा रहा है कि सपा ने इसी सोच से राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को हथियार बनाया। पर चोरी की तमाम अफवाहें दान की गई वस्तुओं के सामने आने से खत्म होती जा रही हैं। ऐसे में उसके लिए मथुरा में कारसेवा का होना एक नई परेशानी तो होगी ही, साथ ही उन आस्था प्रेमियों के लिए भी यह मुद्दा होगा कि वह श्रीकृष्ण मंदिर के लिए आगे आते हैं या फिर राममंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपों में ही रह जाते हैं। कारसेवा का स्वरूप क्या हो सकता है? इस पर अब हर कहीं माथापच्ची आरंभ हो गई है।



## श्रीरामचरितमानस

पूजहिं प्रभुहि देव बहु बेषा।
राम रूप दूसर नहिं देखा॥
अवलोके रघुपति बहुतेरे।
सीता सहित न बेष घनेरे॥

**भावार्थ :** (उन्होंने देखा कि) अनेकों वेष धारण करके देवता प्रभु श्री रामचंद्रजी की पूजा कर रहे हैं, परन्तु श्री रामचंद्रजी का दूसरा रूप कहीं नहीं देखा। सीता सहित श्री रघुनाथजी बहुत से देखे, परन्तु उनके वेष अनेक नहीं थे॥

### देवशयनी एकादशी पर विशेष

# जिस दिन से विश्राम को चले जाते देवता

**आर. सी. शर्मा**



देवशयनी या हरिशयनी एकादशी जिसे महाराष्ट्र और कई दूसरी जगह आषाढ़ी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है, देवताओं का विश्रामकाल होता है। इसी दिन से भारतीय संस्कृति का सबसे आध्यात्मिक काल यानी चातुर्मास शुरू होता है। देवशयनी एकादशी के दिन से देवता विश्राम पर चले जाते हैं और मनुष्यों के लिए यह साधना, सेवा, अध्ययन और आत्मविकास का समय होता है। कुछ लोग इसे भगवान विष्णु की चार महीने की योगनिद्रा का काल मानते हैं। यह निद्रा चार महीने बाद प्रबोधिनी या देवउठनी एकादशी को टूटती है, जो कि इस साल 20 नवंबर को होगी। देवशयनी एकादशी का जितना धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी उससे कम नहीं है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक, इन चार महीनों में जो कि चातुर्मास का समय होता है, व्यक्ति को आत्मसंयम, तप, जप, दान, साधना और आध्यात्मिक उन्नति में बिताना चाहिए। धर्मपरायण लोग देवशयनी एकादशी को प्रातः स्नान करके भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं और ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करते हैं। इस दिन लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार अलग-अलग तरीके का उपवास रखते हैं, कोई बिल्कुल निर्जल उपवास रखता है, कोई फलाहार लेता है, तो किसी के उपवास का प्रकार सात्विक होता है। इस दिन श्रद्धालु विष्णु सहस्रनाम, भगवत गीता और श्रीमद्भागवत का पाठ करते हैं तथा गरीबों को अन्न, वस्त्र और पैसों का दान देते हैं। व्रत रखने वाले लोग अगले दिन यानी द्वादशी को व्रत का पारण करते हैं। जहां तक इसके सांस्कृतिक महत्व की बात है, तो इसी दिन से भारतीय संस्कृति का सबसे आध्यात्मिक काल चातुर्मास शुरु होता है। इस अवधि में लोग सात्विक जीवन व्यतीत करते हैं और विवाह, गृह प्रवेश तथा दूसरे बड़े मांगलिक कार्य इस दौरान स्थगित रखे जाते हैं। इस दिन संत महात्मा यात्राएं बंद कर देते हैं और चार महीनों के लिए एक जगह रुककर स्थायी प्रवास करते हैं। इस दौरान ये वहां प्रवचन, साधना और धर्म चर्चा करते हैं। महाराष्ट्र में इस दिन लाखों 'वारकरी' यानी नियमित रूप से भगवान विट्ठल (विठोबा) के दर्शन के लिए पंढरपुर की यात्रा करते हैं। इन यात्रियों को ही 'वारकरी' कहा जाता है।

### तिथि विशेष

## विश्व मस्तिष्क दिवस

विश्व मस्तिष्क दिवस प्रत्येक वर्ष 22 जुलाई को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को मस्तिष्क स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा स्ट्रोक, मिर्गी, अल्जाइमर, पार्किंसन, माइग्रेन और अन्य तंत्रिका संबंधी रोगों की



रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजी द्वारा की गई थी। मस्तिष्क मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। यह हमारे विचार, स्मरण शक्ति, भावनाओं, निर्णय लेने की क्षमता, सीखने की प्रक्रिया और शरीर की लगभग सभी गतिविधियों को नियंत्रित करता है। आधुनिक जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित दिनचर्या, नींद की कमी, असंतुलित खान-पान और शारीरिक निष्क्रियता का सीधा प्रभाव मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर पड़ता है। यही कारण है कि आज कम उम्र के लोगों में भी न्यूरोलॉजिकल समस्याएं बढ़ती दिखाई दे रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम, पौष्टिक एवं संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, मानसिक तनाव पर नियंत्रण और नशे से दूरी अत्यंत आवश्यक है। योग, ध्यान, पुस्तकें पढ़ना, नई चीजें सीखना, पहेलियां हल करना तथा सामाजिक गतिविधियों में भाग लेना भी मस्तिष्क को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। मस्तिष्क संबंधी रोगों में समय पर उपचार बहुत महत्वपूर्ण होता है। विशेष रूप से स्ट्रोक के मामले में यदि मरीज को शीघ्र अस्पताल पहुंचाया जाए तो उसके जीवन को बचाया जा सकता है और स्थायी विकलांगता के खतरे को भी कम किया जा सकता है। इसलिए चेहरे का टेढ़ा होना, एक हाथ या पैर में कमजोरी, बोलने में कठिनाई या अचानक संतुलन बिगड़ना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

### जन्मदिन विशेष

# देवेंद्र फडणवीस : अनुभवी वकील, नए चाणक्य!

**योगेश वसंत त्रिवेदी**

> वर्ष 2013 में भारतीय जनता पार्टी के संविधान में संशोधन करने के लिए मुंबई के चर्चगेट स्थित नरिमन पॉइंट के यशवंतराव चव्हाण केंद्र में एक विशेष अधिवेशन आयोजित किया गया था। उस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन जयराम गडकरी थे और महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर सच्चिदानंद मुनगंटीवार थे।



पार्टी संविधान में संशोधन कर राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्षों को तीन-तीन वर्ष का कार्यकाल विस्तार देने का प्रस्ताव था। संशोधन तो हो गया, लेकिन नितिन गडकरी के पूर्ति समूह से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को प्रमुखता से उठाया गया और उनके स्थान पर राजनाथ सिंह को पार्टी की कमान सौंप दी गई। बाद में नितिन गडकरी इन आरोपों से निर्दोष साबित हुए। महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुधीर मुनगंटीवार को भी कार्यकाल विस्तार मिलने की संभावना थी, लेकिन वरिष्ठ नेता गोपीनाथ मुंडे ने इस पर आपत्ति जताई। उस समय राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि यदि मुनगंटीवार को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया तो मुंडे पार्टी छोड़ सकते हैं। ऐसी खबरें भी थीं कि उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने की संभावना को लेकर कुछ नेताओं के माध्यम से चर्चा की थी। हालांकि इन बातों की सत्यता संबंधित नेताओं को ही ज्ञात थी।

मुनगंटीवार ने पार्टी नेतृत्व को स्पष्ट कहा कि उन्हें पद मिले या न मिले, वे भाजपा में ही रहेंगे। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि गोपीनाथ मुंडे को किसी भी परिस्थिति में पार्टी छोड़ने नहीं दिया जाना चाहिए। इसके बाद सवाल उठा कि मुनगंटीवार के बाद प्रदेश अध्यक्ष कौन बनेगा?

तब गोपीनाथ मुंडे ने देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस का नाम सुझाया। पार्टी नेतृत्व ने इस सुझाव को स्वीकार कर लिया और एक अध्ययनशील, तेजस्वी तथा कुशल विधायक के रूप में पहचाने जाने वाले देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र भाजपा की कमान सौंप दी गई।

राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हुई कि फडणवीस तो नितिन गडकरी के करीबी माने जाते हैं, फिर मुंडे ने उनका नाम कैसे सुझाया? लेकिन वास्तविकता यह थी कि वे न तो किसी गुट की राजनीति में बंधे थे और न ही किसी व्यक्तिगत खेमे के प्रतिनिधि। उनकी पहचान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और संगठननिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में थी।

इसी दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी ने पूरे देश का व्यापक दौरा किया और भाजपा के पक्ष में मजबूत माहौल तैयार किया। उस समय उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना भाजपा की सहयोगी पार्टी थी। गोपीनाथ मुंडे ने राजू शेट्टी, महादेव जानकर, रामदास आठवले और विनायक मेटे जैसे नेताओं को साथ लेकर व्यापक महायुति तैयार की थी। लोकसभा चुनावों में भाजपा को बड़ी सफलता मिली। नितिन गडकरी और गोपीनाथ मुंडे दोनों ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले थे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की संभावित सूची में नितिन गडकरी का नाम था, लेकिन गोपीनाथ मुंडे का नाम नहीं था।

इसी विषय पर चर्चा के लिए मुंडे ने देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ खडसे को दिल्ली बुलाया। चर्चा के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते देवेंद्र फडणवीस नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे और उन्होंने सुझाव दिया कि यदि नितिन गडकरी के साथ-साथ गोपीनाथ मुंडे को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाए तो महाराष्ट्र में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

### वायरल

## महिला ने दिया चार हमशक्ल बच्चियों को जन्म, लोगों के सामने मजेदार शर्त

ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में 34 वर्षीय जेनिटर नामोआना ने एक बेहद दुर्लभ और कुदरत का करिश्मा माने जाने वाले मामले में एक साथ 4 जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया है।



इस अनोखे जन्म ने न केवल इस परिवार की दुनिया बदल दी है, इनके सामने रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी एक बड़ी व्यावहारिक चुनौती भी खड़ी कर दी है। डॉक्टरों के मुताबिक, एक ही फर्टिलाइज्ड एग से बिना किसी मेडिकल ट्रीटमेंट के चार एक जैसी बच्चियों का जन्म होना लगभग 1.5 करोड़ मामलों में से एक में होता है। जेनिटर की सिजेरियन डिलीवरी करीब 28 हफ्तों की प्रेग्नेंसी के बाद सफलतापूर्वक हुई। चारों नवजात बहनें एकदम स्वस्थ हैं। इस असाधारण जन्म से पहले कपल के घर में पहले से ही तीन छोटे बच्चे थे। चार नन्हीं प्रिंसेस एमिली, हैरियट, कैथरीन और एलेक्सा के आने के बाद अब यह परिवार कुल 10 सदस्यों का बड़ा कुनबा बन चुका है। परिवार की सबसे बड़ी समस्या अब यात्रा को लेकर आ रही है। उनकी पुरानी कार में 10 लोगों के एक साथ बैठने या सुरक्षित रूप से ट्रैवल करने की जगह ही नहीं है।

### X का एक्सरे

सीजेपी प्रदर्शन के समय स्थिति इतनी खतरनाक हो गई थी कि संसद के भीतर मौजूद सभी लोग बुरी तरह घबराए हुए थे। संसद के अंदर हर कोई दहशत में था। संसद के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे और हम सांसद अंदर ही फंस कर रह गए थे। यहां तक कि सदन स्थगित होने के बाद भी हम बाहर नहीं निकल पा रहे थे।



**कंगना रनौत**

जो हिंदू की बात करेगा, वही राज करेगा। समानता हमारी संस्कृति का मूल है। भगवान की दृष्टि में सभी एक समान हैं तो इंसानों द्वारा बनाए गए कानून में अलग-अलग व्यवस्था क्यों होनी चाहिए। राम से रहीम तक, रविंद्र से रॉबिन तक, अमर से एंथोनी और अकबर तक, देश एक संविधान से चले।



**डॉ. मोहन यादव**

जेपी नड्डा ने हमारे पैनल को चर्चा के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने समाधान निकालने और बातचीत करने का वादा किया था। बातचीत के लिए बुलाने के बाद, उन्होंने यहां लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने सौरभ दास और आशुतोष को जेपी नड्डा के घर में ही नजरबंद कर दिया। उनके फोन छीन लिए गए।



**अभिजीत दीपके**

दर्द बहुत गहरा है और इस घाव को भरने में समय लगेगा। मैं उन सभी अच्छी यादों को भी संजोकर रखूंगा। वे पल जो हमेशा हमारी यादों में रहेंगे और पूरे देश का समर्थन, जिसने इस ग्रुप की कड़ी मेहनत और कोशिशों के साथ मिलकर हमें एक बार फिर दुनिया की बेहतरीन टीमों में शामिल किया।



**लियोनल मेसी**



# प्रदेश की 31 नई आईटीआई में इसी सत्र से शुरू होगा प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश में नई बनी 31 राजकीय आईटीआई में इसी सत्र 2026-27 से प्रवेश शुरू किया जा रहा है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग ने इनके संचालन की हरी झंडी दी है। इसके साथ ही यहां पर चलने वाले ट्रेड भी तय किए हैं। इसमें प्रमुख रूप से फिटर, कोपा, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक आरएसी, वेल्डर आदि ट्रेड शामिल हैं।

प्रदेश में राजकीय, निजी व पीपीपी मॉडल की आईटीआई में हाल ही में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई है। इसमें प्रदेश की 290 राजकीय आईटीआई में लगभग सवा लाख सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही अब इसमें 31 और नई राजकीय आईटीआई भी जुड़ जाएंगी। इस तरह प्रदेश में अब 321 राजकीय आईटीआई में प्रवेश होंगे। नई आईटीआई में अभी प्रति आईटीआई दो-दो ट्रेड में 40-40 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव अभिषेक सिंह ने निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय को इसकी सूचना देते हुए प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि इन आईटीआई में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक आरएसी, कोपा, मशीनिस्ट ट्रेडों का निर्धारण किया गया है। सभी आईटीआई में इनमें से दो-दो ट्रेड पर प्रवेश लिया जाएगा। प्रदेश में राजकीय आईटीआई में पढ़ाई के लिए 450 रुपये प्रवेश और 40-50 रुपये महीना पढ़ाई शुल्क लिया जाता है।

वहीं प्राइवेट आईटीआई में प्रवेश शुल्क 1000 और महीने का पढ़ाई शुल्क 1500 रुपये है। ऐसे में राजकीय आईटीआई की संख्या बढ़ने से काफी कम पैसे में छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। वहीं टाटा के सहयोग से 210 से ज्यादा आईटीआई अपग्रेड करने के बाद भी यहां प्रवेश के इच्छुक छात्रों की संख्या बढ़ी है। क्योंकि इसके माध्यम से उनके लिए रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

# प्रदेश में गुरुवार से कमजोर पड़ जाएगा मानसून

## 26 जुलाई के बाद फिर करवट लेगा मौसम

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार कई दिनों तक हुई अच्छी बारिश के बाद फिलहाल अगले तीन दिनों के लिए मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने वाली है। मौसम विभाग का कहना है कि बृहस्पतिवार से अगले तीन दिन तक प्रदेश में बारिश का दौर कमजोर रहेगा। हालांकि बुंदेलखंड और दक्षिणी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में छिटपुट बारिश जारी रह सकती है।

बुधवार को प्रदेश में सबसे अधिक 72 मिमी बारिश पूर्वांचल के मऊ में दर्ज की गई। इसके अलावा ललितपुर में 70 मिमी, सोनभद्र में 58 मिमी और प्रयागराज में 41.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र कमजोर पड़ गया है। साथ ही मानसून रेखा भी दक्षिण की ओर खिसक गई है। इसी वजह से 23 से 25 जुलाई के बीच प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां कमजोर रहेंगी। मौसम विभाग ने इस अवधि के लिए कहीं भी भारी बारिश की चेतावनी जारी नहीं की है। 26 और 27 जुलाई को दो दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हो सकती है। प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू ने प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान, नाउकास्ट अलर्ट, विशेषकर रेड अलर्ट एवं ऑरेंज अलर्ट जैसी संवेदनशील चेतावनियों के समय से व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। इसमें मीडिया का भी सहयोग लिया जाएगा।

राजधानी में पिछले कई दिनों से हो रही अच्छी मानसूनी बारिश पर फिलहाल ब्रेक लगने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 23 से 25 जुलाई तक अगले तीन दिनों के दौरान लखनऊ में मानसूनी गतिविधियां कमजोर रहेंगी। बारिश कम होने और तेज धूप निकलने से उमस भरी गर्मी फिर से लोगों को परेशान कर सकती है। इस दौरान दिन के तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव क्षेत्र अब कमजोर पड़ गया है। साथ ही मानसून रेखा दक्षिण की ओर खिसक गई है। इसी वजह से 23 से 25 जुलाई के बीच राजधानी समेत आसपास के क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियां कम रहेंगी। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी 1.3 डिग्री की बढ़त के साथ 26.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी, जिससे उमस का असर बढ़ेगा।

## संक्षेप समाचार

### अनुसूचित जनजाति की 20 महिलाओं ने ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्राप्त किया



चार माह के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सहित लाभार्थी। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित चार माह का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज विधिवत समापन हुआ। ग्राम नौगवांठग्गू में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का ग्राम प्रधान राखी राणा ने प्रमाण पत्र वितरण कर समापन किया। 4 माह के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का 20 थारू जनजाति की महिलाओं ने लाभ लिया। जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 20 महिलाओं का प्रशिक्षण पंखुड़ी थारू सांस्कृतिक समिति की ओर से संपन्न हुआ। सस्था अध्यक्ष अशोक खड़का एवं सचिव पूजा खड़का ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मित्र विंदा, सोनी राणा, भावना आदि मौजूद रहे।

### एलडीए की दो और आवास विकास की एक आवासीय योजनाएं जल्द होंगी लॉन्च



**लखनऊ।** लखनऊ में एलडीए की नैमिष नगर और वरुण विहार तथा आवास विकास परिषद की सौमित्र आवासीय योजनाएं जल्द लॉन्च होंगी। तीनों योजनाओं में भूखंडों की कीमत लगभग 2,500 रुपये प्रति वर्ग फीट रहेगी। एलडीए का लक्ष्य 15 अगस्त से पहले दो योजनाएं शुरू करने का है, जबकि सौमित्र योजना रेरा मंजूरी के बाद आएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की दो और आवास विकास परिषद की एक आवासीय योजनाएं जल्द लॉन्च होंगी। इन योजनाओं से छह लाख से अधिक आबादी को आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा। तीनों योजनाओं में जमीन की कीमत करीब 2,500 रुपये प्रति वर्ग फीट तक रहेगी। एलडीए की नैमिष नगर और वरुण विहार योजनाएं लॉन्च होने वाली हैं। नैमिष नगर सीतापुर रोड पर स्थित है, जबकि वरुण विहार आगरा एक्सप्रेसवे पर है। ये दोनों योजनाएं मूल रूप से 30 जून को लॉन्च होनी थीं, मगर 22 जून को अलीगंज की एक बिल्डिंग में हुए अग्निकांड के कारण लॉन्चिंग स्थगित कर दी गई थी। अब एलडीए अगले एक महीने के अंदर इन योजनाओं को लॉन्च करने की तैयारी में है। वहीं, आवास विकास परिषद अपनी सौमित्र आवासीय योजना अगले दो महीने के अंदर लॉन्च करेगा। यह योजना सुल्तानपुर रोड पर न्यू जेल रोड के पास स्थित है। परिषद इस योजना के लिए रेरा पंजीकरण कराने की तैयारी कर रहा है। पंजीकरण में कोई अड़चन न आए, इसके लिए लेआउट को संशोधित किया जा रहा है। आवास विकास परिषद के मुख्य अभियंता डीबी सिंह ने बताया कि लेआउट संशोधन के बाद रेरा में आवेदन किया जाएगा। रेरा में पंजीकरण में लगभग एक महीने का समय लगता है। इन योजनाओं का मुख्य लक्ष्य बड़ी आबादी को किफायती आवासीय विकल्प उपलब्ध कराना है। एलडीए के वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि कोशिश तो यह है कि 15 अगस्त से पहले ही नैमिष नगर और वरुण विहार आवासीय योजना लॉन्च हो जाए। उसके बाद वेलनेस सिटी योजना को लॉन्च करने की तैयारी शुरू की जाएगी।

# लखनऊ मेट्रो ने लॉन्च किया नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड, हर यात्रा पर 10 प्रतिशत की मिलेगी छूट

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** मेट्रो यात्रियों का सफर अब और भी स्मार्ट होगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मंगलवार को नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सेवा की शुरुआत की है। एक देश एक कार्ड की संकल्पना पर आधारित इस कार्ड से हर यात्रा पर किराये में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसे कानपुर, आगरा मेट्रो के अलावा देश के अन्य मेट्रो की यात्रा में इस्तेमाल किया जा सकेगा।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने इस सुविधा का शुभारंभ किया। बताया कि एनसीएमसी किसी भी मेट्रो स्टेशन पर बनवाया जा सकता है। इसका मुख्य लाभ यह है कि यह एक इंटरऑपरेबल ट्रांसपोर्ट कार्ड है। इसका इस्तेमाल मेट्रो के अलावा उन बस, पार्किंग और रिटेल सेवाओं में भी किया जा सकता है जहां एनसीएमसी को अपनाया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल पहले से चल रहे गो स्मार्ट कार्ड और नए एनसीएमसी, दोनों के माध्यम से यात्रा की जा सकती है। इसके साथ ही यात्रियों को सलाह दी कि वे अपने पुराने गो स्मार्ट कार्ड में उपलब्ध शेष राशि का उपयोग कर लें। यूपीएमआरसी शीघ्र ही एक विशेष एक्सचेंज विंडो शुरू करेगा जिसके माध्यम से यात्री 30 दिन के अंदर अपने गो स्मार्ट कार्ड को एनसीएमसी में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बदलवा सकेंगे।

# फर्जी फास्टैग बनाकर टोल टैक्स में करोड़ों की चपत, इंडसइड बैंक एजेंट समेत दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने फर्जी फास्टैग बनाकर टोल टैक्स चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरोह फर्जी दस्तावेजों और वाहन नंबरों से फास्टैग जारी कर कई वाहनों पर इस्तेमाल करता था। इस धोखाधड़ी से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचा।

राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर फर्जी फास्टैग के जरिए टोल टैक्स चोरी कर सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह का राजफाश करते हुए एसटीएफ ने बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सीतापुर के खैराबाद निवासी अनंत राम राठौर और इंडसइंड बैंक के एजेंट नकीब खान के रूप में हुई है। दोनों की




गिरफ्तारी पॉलीटेक्निक चौराहे के पास से हुई है। उनके पास से दो मोबाइल , दो पैन कार्ड और 4,230 रुपये नकद बरामद किए हैं।

एसटीएफ के एएसपी सत्य सेन यादव ने बताया कि गिरोह फर्जी दस्तावेजों और फर्जी वाहन नंबरों के आधार पर फास्टैग जारी कराता था। इसके बाद उस फास्टैग का इस्तेमाल सरे वाहनों पर किया जाता था, जिससे टोल प्लाजा पर ऑनलाइन भुगतान से बचा जा सके। जांच में सामने आया कि वाहन संख्या यूपी-32 जेडएन-8925 के लिए फर्जी नंबर एमएच-34 एस-9455 का इस्तेमाल कर फास्टैग जारी कराया गया। बाद में उसी फास्टैग का उपयोग दूसरे वाहनों पर भी किया जाता रहा। इस पूरे खेल से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचा। एसटीएफ पूरे नेटवर्क की कड़ियां खंगाल रही हैं। जांच एजेंसी यह भी पता लगा रही है कि फर्जीवाड़े में और कौन-कौन शामिल था और अब तक कितने फर्जी फास्टैग जारी किए गए। साथ ही बैंक से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका और सरकार को हुए वास्तविक राजस्व नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है। पूछताछ में नकीब खान ने एसटीएफ को बताया कि वर्ष 2022 में अनंत राम राठौर ने उसे इंडसइंड बैंक का एजेंट बनवाया था। शुरुआत में उसे बैंक के पोर्टल पर सामान्य तरीके से फास्टैग बनाने का काम सिखाया गया। बाद में अधिक कमाई का लालच देकर फर्जी दस्तावेजों और वाहन नंबरों के आधार पर फास्टैग जारी कराने का खेल शुरू कराया गया।

# भाजपा ने परखीं सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारियां, बूथ पर उतरे प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** प्रदेश संगठन के गठन के बाद भाजपा ने जमीनी स्तर पर चुनावी तैयारी मजबूत करने का काम शुरू किया है। बीते बुधवार को पार्टी ने प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया। इन सम्मेलनों के जरिये बूथ अध्यक्षों का सत्यापन किया गया। साथ ही बूथ स्तर पर चुनावी तैयारियों को भी परखा गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह इसमें शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत सभी मंत्री, सांसद व विधायक भी बूथ स्तर पर उतरे। उन्होंने जमीनी हकीकत का जायजा लिया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार, 1.80 लाख से अधिक बूथ अध्यक्षों के साथ नेताओं ने संवाद किया। इस मौके पर बूथ अध्यक्षों को माइक्रो मैनेजमेंट का गणित भी समझाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सम्मेलन में भाग लिया। पंकज चौधरी सीतापुर में उपस्थित रहे। केशव प्रसाद मौर्या बरेली में और ब्रजेश पाठक शाहजहांपुर में बूथ अध्यक्षों से मिले। महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने वाराणसी में बूथ अध्यक्षों को जीत का मंत्र समझाया। नेताओं ने बूथ अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक कार्ययोजना और विजय की रणनीति साझा की। बूथ अध्यक्षों को ''बूथ जीता-चुनाव जीता'' और ''मेरा बूथ सबसे मजबूत'' के संकल्प के साथ चुनावी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए।

# नीट मामले में पुलिस की बर्बरता और दमनकारी नीति से कांग्रेसियों में आक्रोश

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, किया पुतला दहन, केंद्र सरकार के खिलाफ काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नीट परीक्षा लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर मार्च कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और दमनकारी कार्रवाई के विरोध में खटीमा मुख्य चौक पर युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष गुफरान रजा एवं कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए काली पट्टी बांध अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीट परीक्षा




आक्रोशित कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। –जागरण मोर्चा

में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के मामले से लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों की आवाज दबाने के लिए लाठीचार्ज और दमनकारी नीति अपनाई जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं राजधानी दिल्ली में शांतिपूर्ण मार्च कर रहे छात्रों पर सादी वर्दी में कुछ लोगों द्वारा पुलिस के साथ मिलकर किए गए लाठी चार्ज और बर्बरता की घोर निंदा की तथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुस्सा जाहिर करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि छात्रों को न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर उर्फ बॉबी राठौर, प्रभारी कांग्रेस पार्टी विधानसभा रमेश रौतेला, पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस नरेंद्र आर्य, अमन अरोड़ा, जिला सचिव मान सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल राणा, विनोद चंद, नासिर खान, पंकज टम्टा, बीना राणा, अनिल विश्वकर्मा, जरीफ अहमद, मनोज कोहली, तारिक खान, भूपेंद्र गंगवार तथा रेहान अंसारी सहित बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सेहत** उपजिला चिकित्सालय में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर में किया गया 1035 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



उपजिला चिकित्सालय में लगे स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के तहत नागरिक चिकित्सालय में जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख सरिता राना, सांसद प्रतिनिधि रबिन्द्र राना, समाज कल्याण प्रतिनिधि गोविन्द टम्टा, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष आशा पाण्डेय, सीएमएस केसी पंत, वरिष्ठ चिकित्सक वीपी सिंह ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 1035 लाभार्थियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और जाँच की। इस दौरान 895 लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग, 75 लाभार्थीयों की टीबी स्क्रीनिंग, 91 गर्भवती महिलाओं की टीकाकरण व स्वस्थ्य परीक्षण किया गया, 29 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 21 दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करते हुए 116 मरीजों की विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय जांचें की गई। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, संक्रामक एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, टीकाकरण तथा आयुष्मान भारत योजना के लाभों के बारे में भी जागरूक किया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वीपी सिंह ने क्षेत्रवासियों से भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे शिविरों में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर अजय सिंह बीपीएम,सुभाष सिंह अकाउंटेंट और सभी ए एन ऍम कल्पना, भारती, ममता, किरण, मीना, सरिता आदि, सी एच ओ भावना, सोनम, पारुल, राधा, कविता, नितिका, कंचन आदि,, केसवी,मीना, निशा, मीरा, संध्या आदि समस्त आशा उपस्थित रहे।

## राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक खत्म

# डॉ. कृष्ण मोहन संभालेंगे महासचिव का कार्यभार

**लखनऊ।** राम मंदिर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संपन्न हो गई। करीब ढाई घंटे तक चली बैठक में ट्रस्ट से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक समाप्त होने के बाद ट्रस्ट के सदस्य वापस रवाना होने लगे। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में यह तय किया गया कि डॉ. कृष्ण मोहन फिलहाल राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव का कार्यभार संभालेंगे। यह व्यवस्था अगले निर्णय तक प्रभावी रहेगी। ट्रस्ट की ओर से नियमित महासचिव की नियुक्ति को लेकर अभी कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। बैठक के दौरान मंदिर निर्माण, ट्रस्ट के प्रशासनिक कार्यों और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# राशन लेने जाने वाले लोगों को कोटेदार को देना होगा गुड़ और पेठा, पेश करनी होगी बैठने के लिए कुर्सी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** सरकार से मुफ्त राशन लेने वाले कार्डधारकों की अब कोटेदार आवभगत भी करेंगे। चुनावी वर्ष में इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके तहत जिस दिन राशन बंटना होगा, उस दिन कोटेदार अपने यहां कुर्सियां लगाएंगे। पीने के साफ पानी की व्यवस्था करेंगे और गुड़-पेठा भी खाने के लिए रखेंगे। इसके लिए खाद्य विभाग कोटेदारों को निर्धारित राशि भी देगा।

प्रदेश में 3,65,09,224 कार्डधारक हैं, जिन्हें उनके गांवों में ही राशन दिया जाता है। शासन को जानकारी मिली कि कोटेदार के यहां राशन लेने आने वालों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं होती। कई बार उनके साथ सम्मान के साथ भी पेश नहीं आया जाता। इसको लेकर सरकार ने कार्डधारकों के सत्कार की पूरी व्यवस्था कर दी है। खाद्य मंत्री मनोज पांडेय ने बताया कि कार्डधारकों के आदर सत्कार में जो खर्च आएगा, उसका भार कोटेदारों पर नहीं पड़ेगा। कोटेदार अपने स्तर से कुर्सियों की खरीद करेंगे, जिसके लिए उन्हें राशि दी जाएगी। जिस दिन राशन बंटेगा, उस दिन पानी के साथ गुड़ या पेठा कार्डधारकों को दिया जाएगा। इसके लिए भी कोटेदारों को राशि मुहैया कराई जाएगी। खाद्य मंत्री ने बताया कि इस योजना पर सालाना 60 करोड़ रुपये खर्च आएगा।

# रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी : संजय सिंह गंगवार

## भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का हुआ शंखनाद, संगठन की मजबूती पर दिया गया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देते हुए बुधवार को पीलीभीत सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बूथ अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं में निहित है और भाजपा की जीत का आधार भी मजबूत बूथ व्यवस्था ही है। अपने संबोधन में राज्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ऐसे दलों को सत्ता से दूर रखने का मन बना चुकी है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन के सेनापति होते हैं। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष की सक्रियता और मेहनत ही चुनावी सफलता की आधारशिला है। जब संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होता है, तभी सरकार बनती है और विकास की नई इबारत लिखी जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक मतदाता तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। राज्यमंत्री ने कहा कि पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, बरेली–सितारगंज फोरलेन, फ्लाईओवर सहित अनेक विकास परियोजनाएं भाजपा सरकार की देन हैं। इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अभी से चुनावी तैयारियों में जुटने तथा जिले की चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाने का आह्वान किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल मिश्रा ने बूथ प्रबंधन की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठन ही चुनावी जीत की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतदाता संपर्क, संगठन विस्तार और चुनावी प्रबंधन के प्रभावी तरीके बताते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, पुष्पा शुक्ला, मान सिंह राठौर, मंगली प्रसाद वर्मा, विकास वाल्मीकि, ऋचा सिंह पटेल, विकास पाल सिंह, पंकजा तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन का संचालन जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में ललौरीखेड़ा, अमरिया, जहानाबाद, बरखेड़ा तथा नगर मंडलों से बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षों ने सहभागिता की।



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। –जागरण मोर्चा



मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

# मेडिकल कॉलेज में नए दौर की शुरुआत: डॉ. अमित कुमार ने संभाली प्राचार्य की कमान, बदहाल व्यवस्थाओं को सुधारने की बड़ी चुनौती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रशासनिक बदलाव के तहत नव नियुक्त कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अमित कुमार ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उप प्राचार्य ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा महाविद्यालय और चिकित्सालय के अधिकारियों एवं चिकित्सा शिक्षकों ने भी औपचारिक रूप से उनका अभिनंदन किया। इसके बाद डॉ. अमित कुमार ने विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, चिकित्सा शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर संस्थान की वर्तमान स्थिति और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डॉ. अमित कुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती मेडिकल कॉलेज और उससे संबद्ध अस्पताल की लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं को दूर कर व्यवस्थाओं को पटरी पर लाना होगी। पिछले कुछ समय से अस्पताल की कार्यप्रणाली, मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, संसाधनों की उपलब्धता, विभागीय समन्वय और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। कई बार मरीजों और उनके तीमारदारों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशान होना पड़ा है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल के कई महत्वपूर्ण विभाग अभी भी संसाधनों की कमी, कर्मचारियों के अभाव और प्रशासनिक समन्वय की कमजोरी से जूझ रहे हैं। कई व्यवस्थाएं अब भी भगवान भरोसे संचालित होती दिखाई देती हैं, जिससे मरीजों और मेडिकल छात्रों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नए प्राचार्य से चिकित्सकों, कर्मचारियों, छात्रों और आम जनता की उम्मीदें बढ़ गई हैं कि वे संस्थान में अनुशासन, पारदर्शिता और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में प्रभावी कदम उठाएंगे।



डॉक्टर अमित कुमार।

# ईंट भट्ठा कारोबारियों से राज्य कर विभाग का सीधा संवाद, जीएसटी नियमों पर दूर की गईं व्यापारियों की शंकाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर मुख्य बिजनेस सेक्टर के साथ व्यापारी संवाद अभियान के तहत बुधवार को राज्य कर विभाग ने जनपद के ईंट भट्ठा कारोबारियों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की। राज्य कर कार्यालय में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं का समाधान करना, कर व्यवस्था को सरल बनाना तथा कर अनुपालन को बढ़ावा देना रहा। सहायक आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर राजेन्द्र प्रसाद चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में ईंट भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं कारोबारियों ने जीएसटी से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक प्रश्न अधिकारियों के समक्ष रखे। व्यापारियों ने ग्राम सभाओं में अलग-अलग वाहनों से ईंटों की आपूर्ति होने के बाद एक ही इनवॉइस जारी करने की प्रक्रिया, खरीदार द्वारा चरणबद्ध तरीके से माल उठाने की स्थिति में इनवॉइस जारी करने के नियम तथा पुरानी समाधान योजना की तर्ज पर जीएसटी में भी समाधान योजना लागू किए जाने जैसे मुद्दे उठाए। बैठक में मौजूद राज्य कर अधिकारियों ने सभी प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देते हुए जीएसटी के वर्तमान प्रावधानों की जानकारी दी और कारोबारियों की शंकाओं का समाधान किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कर नियमों का पालन करते हुए इनवॉइस जारी करना और समय पर रिटर्न दाखिल करना प्रत्येक व्यापारी की जिम्मेदारी है। राज्य कर विभाग ने ईंट भट्ठा स्वामियों से वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही तथा जून माह के, जुलाई में देय जीएसटी रिटर्न को 25 जुलाई तक अनिवार्य रूप से दाखिल करने का आह्वान किया। साथ ही पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत वृद्धि के साथ कर जमा करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस पर उपस्थित व्यापारियों ने विभाग को पूर्ण सहयोग देने और समयबद्ध तरीके से कर जमा करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में विभाग की ओर से उपायुक्त राज्य कर रिकेंश सिंह, संजीव कुमार ओमर, सहायक आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद, रुचि यादव तथा राज्य कर अधिकारी सुरेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# गांव के बीच मौत का ट्रांसफार्मर! तीन बेजुबानों की जान गई, अब इंसानी जिंदगी पर मंडरा रहा करंट का खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विकासखंड ललौरीखेड़ा के ग्राम एमी में आबादी के बीच स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर अब ग्रामीणों के लिए भय और खतरे का प्रतीक बन चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर में लगातार करंट प्रवाहित हो रहा है, जिससे अब तक तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। इतना ही नहीं, आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी दीवारों और लोहे के सामान में करंट महसूस होने की बात कह रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण ट्रांसफार्मर के पास से गुजरने तक में डर रहे हैं और हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।सबसे गंभीर सवाल यह है कि आखिर तीन पशुओं की मौत के बाद भी बिजली विभाग की नींद क्यों नहीं टूटी? ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। न तो ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच कराई गई और न ही करंट की समस्या का स्थायी समाधान किया गया। विभाग की कथित उदासीनता अब सीधे लोगों की जान पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है।मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नेता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सदस्य कुमुद गंगवार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि आबादी के बीच करंट प्रवाहित ट्रांसफार्मर किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। यदि समय रहते इसे ठीक नहीं कराया गया तो किसी मासूम, बुजुर्ग या महिला की जान भी जा सकती है।ज्ञापन में मांग की गई है कि ट्रांसफार्मर की तत्काल उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, करंट की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए, ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों की लगातार अनदेखी करना विभागीय जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है।कुमुद गंगवार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन और बिजली विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की और भविष्य में कोई जनहानि हुई तो उसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और संबंधित अधिकारियों की होगी। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।फिलहाल ग्राम एमी के लोग दहशत के साये में जीवन बिताने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ट्रांसफार्मर की तकनीकी खामी दूर नहीं होती, तब तक हर गुजरता दिन किसी बड़े हादसे की आशंका लेकर आ रहा है। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन और बिजली विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर लोगों की सुरक्षा पहले सुनिश्चित होगी या फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किया जाएगा।



कुमुद गंगवार। –जागरण मोर्चा



प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते कांग्रेसी नेता। –जागरण मोर्चा

# छात्रों पर लाठी, किसानों को खाद नहीं और स्मार्ट मीटर से जनता बेहाल; कांग्रेस का सरकार पर तीखा हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी, ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ तीखा विरोध दर्ज कराते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों पर लाठियां बरसाकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं और स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनता को मनमाने बिजली बिल थमाकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर सीधा हमला है। छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए, शिक्षा व्यवस्था में सुधार कर पेपर लीक जैसी घटनाओं पर स्थायी रोक लगाई जाए तथा लाठीचार्ज के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान मृतक एवं घायल छात्रों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई।कांग्रेस ने किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर भी सरकार को घेरा। ज्ञापन में कहा गया कि खरीफ सीजन के बीच प्रदेशभर में यूरिया और डीएपी खाद की भारी कमी बनी हुई है। किसान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं, जबकि कालाबाजारी और जमाखोरी खुलेआम हो रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। पार्टी ने तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला। नेताओं का कहना था कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत नहीं बल्कि आर्थिक बोझ बन गए हैं। बढ़े हुए और कथित रूप से त्रुटिपूर्ण बिजली बिलों से आम जनता परेशान है। कांग्रेस ने निष्पक्ष जांच कराकर उपभोक्ताओं को राहत देने तथा बिजली बिलों में हो रही अनियमितताओं को तत्काल दूर करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों, किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जनहित से जुड़े इन गंभीर मुद्दों पर जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।ज्ञापन कार्यक्रम में एडवोकेट ईश्वर दयाल पासवान, एडवोकेट मुनेंद्र सक्सेना, रामनाथ, वासुदेव ठाकुर, कुमुद गंगवार, अभिनय गुप्ता गोल्डी, मोहम्मद अजीम, एडवोकेट ज्ञानेन्द्र गौतम, हरीश कुमार सिंह मौर्य, प्रदीप मौर्य, जाहिद खान, मोहम्मद इरफान, राजेश वर्मा, रवि लोधी, संदीप गंगवार, सद्दीक उस्मानी, किरन पाल सिंह, गुरमीत सिंह, सुखपाल सिंह, डॉ. देवदत्त गंगवार, लेखराज राठौर, राजेश राठौर, नसीम जहां, गुड्डू खान आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय व सुनीता सैनी ने किया जनपद का दौरा

# महिला आयोग की जनसुनवाई में गूंजी महिलाओं की समस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैनी ने बुधवार को जनपद का दौरा कर महिलाओं से जुड़े मामलों की समीक्षा की। विकास भवन स्थित गोमती सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान आयोग की सदस्याओं ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम की शुरुआत उपजिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह एवं उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आयोग की सदस्याओं का स्वागत किया। इसके बाद महिला जनसुनवाई प्रारंभ हुई, जिसमें मारपीट, घरेलू हिंसा, आपसी विवाद, आवास, सड़क एवं अन्य पारिवारिक और सामाजिक मामलों से संबंधित कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 4 शिकायतों का तत्काल मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि शेष 13 मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय जांच कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई के दौरान आयोग की सदस्याओं ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी पीड़िता को न्याय पाने के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत तैयार की गई कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया गया। आयोग की सदस्याओं ने कहा कि सरकार की महिला एवं बालिका कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से चौपाल आयोजित कर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद आयोग की सदस्याओं ने जिला कारागार की महिला बैरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया।



विकास भवन स्थित गोमती सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनतीं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैनी, साथ में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। –जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### नीट अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज और जौहर विश्वविद्यालय मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा, कई बड़े स्थानीय चेहरे रहे नदारद तो उठे संगठन पर सवाल



कलेक्ट्रेट परिसर में सपा कार्यकर्ता प्रदर्शन करते पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, सौंपा ज्ञापन। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर बुधवार को में भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा धरना–प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने छात्र–युवाओं पर कथित पुलिस दमन, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और जौहर विश्वविद्यालय पर प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि राजनीतिक विरोध के इस कार्यक्रम से ज्यादा चर्चा संगठन के भीतर दिखाई दे रही खींचतान और कई वरिष्ठ नेताओं की गैरमौजूदगी की रही।कार्यक्रम की शुरुआत नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी के स्थायी कैंप कार्यालय से हुई, जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटने लगे। पार्टी नेताओं का आरोप है कि प्रशासन ने प्रदर्शन को कमजोर करने के उद्देश्य से कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया था। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में लोग पार्टी कार्यालय पहुंचकर जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां धरना–प्रदर्शन किया गया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने दिल्ली में नीट परीक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र–युवाओं पर हुए कथित पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी आलोचना की। उनका कहना था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और छात्राओं पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिए जाने की भी निंदा की। साथ ही रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय पर बुलडोजर कार्रवाई से जुड़े सरकारी निर्णय को राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए उसे वापस लेने की मांग उठाई। धरना समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में छात्र–युवाओं पर हुए कथित पुलिसिया दमन की निष्पक्ष जांच, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई तथा जौहर विश्वविद्यालय मामले में सरकार के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की गई। जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र–युवाओं, किसानों और आम जनता की आवाज को दबाने के लिए पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया तो समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों पर अपना आंदोलन और तेज करेगी।

### बरखेड़ा में नाले की जमीन से हटाया अतिक्रमण, बुलडोजर चला; वर्षों पुरानी जलनिकासी समस्या दूर करने की कवायद




अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलती जेसीबी मशीन। –जागरण मोर्चा

**बरखेड़ा।** नगर पंचायत बरखेड़ा द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुलडोजर कार्रवाई की गई। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण के कारण नाला निर्माण कार्य बाधित हो रहा था, जिससे बारिश के दौरान वार्डों और मोहल्लों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही थी।जानकारी के अनुसार हाईवे से सटे वार्ड नंबर छह में रहने वाले लगभग आधा दर्जन लोगों ने नाले के लिए चिन्हित भूमि पर स्थायी निर्माण कर लिया था। नगर पंचायत ने करीब छह माह पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी निर्माण नहीं हटाया गया।बरसात के मौसम में जलनिकासी बाधित होने से नगर के कई मोहल्लों में पानी भरने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। जनहित को देखते हुए नगर पंचायत ने नाला निर्माण का कार्य शुरू कराया, लेकिन अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य रुक गया। इसके बाद प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का निर्णय लिया।नगर पंचायत प्रशासन ने मामले से उपजिलाधिकारी बीसलपुर नागेंद्र पांडे को अवगत कराया। इसके बाद एसडीएम ने चार सदस्यीय राजस्व टीम गठित की, जिसमें नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह, राजस्व निरीक्षक रजीत सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल अंकुर गंगवार और लेखपाल धर्मपाल को शामिल किया गया। टीम की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण हटाया गया।प्रशासन के अनुसार मोहम्मद शारिक पुत्र सफी अहमद, ख्वाज अहमद पुत्र नियाज अहमद, बाली मोहम्मद पुत्र बदालू बख्श, मोहम्मद याकूब पुत्र बाली मोहम्मद समेत अन्य लोगों द्वारा नाले की भूमि पर निर्माण किया गया था। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने स्वयं निर्माण हटाने के लिए दो दिन का समय मांगा, जिस पर प्रशासन ने नियमानुसार विचार करने की बात कही।उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने बताया कि नाले की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के कारण जलनिकासी परियोजना प्रभावित हो रही थी। जनहित और बरसात में जलभराव की समस्या को देखते हुए अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई है, ताकि नाला निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जा सके।

### 'वकीलों को घरों में कैद कर प्रशासन ने लांघी सीमा' डीएम-एसपी के सामने फूटा बार का गुस्सा, पुलिस को दी आर-पार की चेतावनी

**पीलीभीत।** दिल्ली में छात्र आंदोलन और विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में संभावित प्रदर्शन को लेकर पुलिस द्वारा कई अधिवक्ताओं को एहतियातन उनके घरों में नजरबंद किए जाने का मामला तूल पकड़ गया। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज जिला संयुक्त बार एसोसिएशन ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला बताते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकृति माधव मिश्रा के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजीव अवस्थी और महासचिव विद्याराम वर्मा के नेतृत्व में डीएम और एसपी से मिला। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि बिना किसी अपराध या कानून व्यवस्था भंग किए केवल आशंका के आधार पर अधिवक्ताओं को घरों में नजरबंद करना न केवल अनुचित है, बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अधिवक्ताओं को अपराधियों की तरह व्यवहार करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश और असंतोष है। यदि कानून के जानकारों के साथ ऐसा व्यवहार होगा तो आम नागरिकों में भी प्रशासन के प्रति अविश्वास बढ़ेगा।बैठक के बाद जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में वार्ता हुई, जिसके बाद प्रशासन ने नजरबंद किए गए सभी अधिवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्रवाई पर खेद भी व्यक्त किया।हालांकि बार एसोसिएशन ने प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी भी अधिवक्ता के साथ इस प्रकार की कार्रवाई की गई या उसके अधिकारों का हनन हुआ तो पूरा अधिवक्ता समाज सड़क पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।यह मामला अब जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिवक्ताओं का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन उसके नाम पर नागरिकों और अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता का हनन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**एक नजर**

### रम्पुरिया बाबा के पास हुआ सड़क हादसा, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घुंघचाई। थाना क्षेत्र के सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी राम प्रवेश 14 जुलाई को रम्पुरिया बाबा के पास सड़क क्रास कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे गांव निवासी राजकुमार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राम प्रवेश सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्काल घायल को सड़क से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, जंहा हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल के पिता ने मामले की तहरीर घुंघचाई पुलिस को दी। पुलिस ने घायल के पिता मनीराम की ओर से चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## अखिलेश यादव की गिरफ्तारी की खबर पर बीसलपुर में सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, निकाला पैदल मार्च

जागरण मोर्चा कार्यालय



12 पत्थर चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान समाजवादी कार्यकर्ताओं से बात करती हुई पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलते ही बीसलपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद ही विरोध दर्ज कराकर वापस लौटे। सोमवार को पूर्व नगर अध्यक्ष मुक्तादिर हयात खान के नेतृत्व में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता नगर के 12 पत्थर चौराहे पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के समर्थन में जोरदार पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च करते हुए सपा कार्यकर्ता बीसलपुर कोतवाली का घेराव करने के लिए आगे बढ़े। हंगामे और उग्र प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन भी तुरंत हरकत में आ गया और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया। कोतवाली के समीप पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और कार्यकर्ताओं को जानकारी दी कि दिल्ली में अखिलेश यादव को रिहा कर दिया गया है।

अखिलेश यादव की रिहाई की सूचना मिलने और पुलिस अधिकारियों द्वारा शांति बनाए रखने के आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं का गुस्सा शांत हुआ। इसके पश्चात उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त किया। इस दौरान सपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन समाजवादी पार्टी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी।

प्रदर्शन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा, हरिपाल सिंह लोधी, डॉ. दुष्यंत गंगवार, तारीख़ बरकाती, दानिश अल्वी, अभिषेक गंगवार, मीनाक्षी गंगवार, राम प्रताप गंगवार, अकील खान, दानिश समाजवादी सहित समाजवादी छात्र सभा, लोहिया वाहिनी, अल्पसंख्यक सभा व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूरनपुर में हुआ भव्य बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

### मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा उपाध्यक्ष ने किया सम्मेलन को संबोधित

जागरण मोर्चा कार्यालय



सम्मेलन में मौजूद बूथ अध्यक्ष, शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के छीना बैंक्वेट हॉल में बुदवार को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन में पार्टी के बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के साथ ही आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

वक्ताओं ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बाबूराम पासवान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य व जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और बूथ स्तर तक फैला मजबूत संगठन है। विधायक बाबूराम पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है और बूथ अध्यक्ष भाजपा संगठन की रीढ़ हैं। सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पांडेय, हर्षित चौधरी, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, घुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीमारी से कक्षा 10 के छात्र अली हमजा का निधन, सेंट जोसेफ स्कूल में शोक सभा

जागरण मोर्चा कार्यालय



सेंट जोसेफ स्कूल में शोक सभा में शामिल स्टाफ। -जागरण मोर्चा



मृतक अली हमज़ा।

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला रजागंज निवासी शकील अहमद के पुत्र एवं सेंट जोसेफ स्कूल के कक्षा 10 के छात्र अली हमजा का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से विद्यालय परिवार और नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शोक के चलते विद्यालय प्रशासन ने अवकाश घोषित किया। स्कूल में मैनेजर फादर ग्रेगरी, प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन, शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्कूल कैबिनेट एवं कक्षा 10 के विद्यार्थियों की उपस्थिति में शोक सभा आयोजित की गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की गई। लखनऊ के अस्पताल से पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। विद्यालय के शिक्षक भी शोक व्यक्त करने पहुंचे। मैनेजर फादर ग्रेगरी, प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या, शिक्षक/शिक्षिकाओं व सहपाठियों ने परिवार को ढांढस बंधाया। शिक्षिका कोमल गुप्ता ने शोक सभा का संचालन किया। स्कूल में विभिन्न धर्मों के पवित्र ग्रंथों का पाठ किया गया। स्थानीय कब्रिस्तान में अली हमजा को सुपुर्द-ए-ख़ाक करके नम आंखों से विदाई दी। जनाज़े में बड़ी संख्या में नगरवासी, विद्यालय परिवार, सहपाठी और शुभचिंतक शामिल हुए।

## पुलिस ने एक और शराब के साथ युवक को पकडा

**पूरनपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सिकरहना मोड पर एक युवक को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बलरामपुर चौकी क्षेत्र के गांव सिकरहना मोड पर एक युवक कच्ची शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पहुंचकर मोड पर खडे युवक को दवोच लिया। पुलिस ने मौके से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की, पूछताछ में पकडे गए युवक ने अपना नाम वेदप्रकाश निवासी ग्राम सिकरहना चौकी बलरामपुर थाना घुंघचाई बताया। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके बाद उसको जेल भेज दिया गया।

## ग्रामीणों ने दलदल में धान रोपकर किया विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** महदखास गांव में सड़क और जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार सड़क पर उतर आया। वर्षों से सड़क पर बने गहरे गड्ढों, जलभराव और दलदल से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सड़क पर जमा पानी और दलदल में धान की रोपाई कर अपना विरोध दर्ज कराया और ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव पर समस्या की लगातार उपेक्षा करने का आरोप लगाया, गांव की मुख्य सड़क लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। बारिश होने पर सड़क पूरी तरह पानी से भर जाती है और कीचड़ व दलदल में तब्दील हो जाती है। ऐसे में पैदल चलना तो दूर, दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो जाता है,सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को होती है। कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की मरम्मत और जल निकासी की मांग को लेकर कई बार ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने सड़क पर बने दलदल में धान की पौध रोपते हुए कहा कि जब सड़क खेत जैसी बन गई है तो उसमें धान की खेती ही कर ली जाए। उनका कहना था कि यह विरोध प्रदर्शन किसी व्यक्तिगत विरोध के लिए नहीं, बल्कि गांव की मूलभूत समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया गया है।

**संक्षेप समाचार**



मेडिकल कॉलेज, बिठौरा में आयोजित बरखेड़ा विधानसभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंचासीन पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### बूथ की ताकत से बनेगा विकसित भारत, 2027 में फिर खिलेगा कमलः पवन कुमार

**पीलीभीत।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने और संगठन की जड़ों को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज, बिठौरा में बरखेड़ा विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों को भाजपा की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति बताते हुए संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और चुनावी जोश साफ दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के महान विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व बरेली जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने की। मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरद्वारी लाल गंगवार, जिला मंत्री नागेंद्र प्रताप गंगवार, जिला मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार कुशवाहा तथा जिला मंत्री सतपाल वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। जिस प्रकार किसी इमारत की मजबूती उसकी नींव पर निर्भर करती है, उसी प्रकार संगठन की सफलता बूथ अध्यक्षों की सक्रियता, समर्पण और मेहनत पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है तो उसके पीछे लाखों कार्यकर्ताओं का वर्षों का त्याग और अनुशासित संगठनात्मक कार्य है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों को संगठन विस्तार, जनसंपर्क, मतदाता संपर्क अभियान तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने के लिए कई व्यवहारिक सुझाव दिए। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को संगठन की बड़ी परीक्षा बताते हुए प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से अपने बूथ को सबसे मजबूत और सक्रिय बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### सावन आने से पहले ही बदहाल पडा शिव मंदिर, जलभराव और गंदगी से श्रद्धालुओं में नाराजगी

**पूरनपुर।** गांव दिलावरपुर में बने एकमात्र शिव मंदिर की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल बनी हुई है। लगातार हो रही बारिश के कारण मंदिर के चारों ओर पानी भर गया है। इसके बावजूद अब तक न तो जलनिकासी की कोई व्यवस्था की गई है और न ही मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराई गई है। सावन का पवित्र महीना शुरू होने में अब अधिक समय नहीं बचा है। दिलावरपुर गांव का एकमात्र शिव मंदिर होने के कारण आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त पूजा अर्चना कर बेलपत्र अर्पित करने के लिए पहुंचते हैं। विशेष रूप से सावन के प्रत्येक सोमवार, प्रदोष व्रत और शिवरात्रि जैसे अवसरों पर मंदिर में पूजा-अर्चना करने वालों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में मंदिर परिसर में जलभराव और गंदगी श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय बनी हुई है।

## जहानाबाद पुलिस की बड़ी सफलता, मुठभेड़ में तीन गौकशी आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** जहानाबाद थाना क्षेत्र में गौवंश वध की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और गौकशी में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में गठित टीमों ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कासिम अली पुत्र कल्लू शाह, मोहम्मद राशिद पुत्र बुंदन खां निवासी ग्राम पंसौली तथा इस्लाम पुत्र अच्छन निवासी कच्ची हवेली, जहानाबाद को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान कासिम अली के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार 20 और 21 जुलाई की रात ग्राम पंसौली स्थित गन्ने के खेत में एक गौवंशीय बैल का वध कर उसके अवशेष फेंक दिए गए थे। अगले दिन सूचना मिलने पर जहानाबाद थाने में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने एसओजी और सर्विलांस सहित चार टीमों का गठन किया था। जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, जिसके दौरान हुई मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि ग्राम पंसौली निवासी बुंदन खां के उमरा पर जाने से पहले आयोजित दावत के लिए गौवंशीय बैल का वध करने की योजना बनाई गई थी। इसी योजना के तहत घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस वारदात में शामिल कुछ अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## बरेली-गोला गोकर्णनाथ नई रेल लाइन निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को सौंपा गया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपते किसान नेता देव स्वरूप पटेल।

**बीसलपुर।** नाथ नगरी बरेली से वाया भुता, बीसलपुर, बिलसंडा, बंडा और खुटार होते हुए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ तक नई रेलवे लाइन का निर्माण कराकर रेल सेवाएं शुरू कराने की मांग को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों, भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने हुंकार भरी है। इस संबंध में पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। किसान नेता एवं प्रांतीय संरक्षक (क्रांतिकारी विचार मंच, उ.प्र.) देव स्वरूप पटेल के नेतृत्व में यह मांगपत्र केंद्रीय मंत्री तक पहुंचाया गया है। किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने बताया कि इस नई रेलवे लाइन की मांग दशकों पुरानी है। यह रेल मार्ग बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और लखीमपुर जनपदों के कई संसदीय व दर्जन भर से अधिक विधानसभा क्षेत्रों की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देव स्वरूप पटेल ने कहा कि यह पूरा क्षेत्र कृषि प्रधान है। नई रेल लाइन बनने से छात्रों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन में भारी सुगमता होगी। रेल मार्ग से जुड़ने के बाद क्षेत्र में लघु एवं बड़े उद्योगों के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय विकास को गति मिलेगी। इसके अलावा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के प्रसिद्ध श्री शिव मंदिर, सुनासरनाथ और बाबा इकोत्तरनाथ जैसे प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की पहुंच काफी आसान हो जाएगी। चल रहे मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर इस नई रेल लाइन की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने पर वार्ता होने की पूरी संभावना है। इस दौरान बीसलपुर व्यापार मंडल के राकेश मित्तल, वीरेंद्र अग्रवाल, भाजपा नेता सौरभ गुप्ता, बिलसंडा व्यापार मंडल अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष अटल सिंह जायसवाल तथा बण्डा व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और व्यापारी नेताओं ने पुरजोर तरीके से नई रेल लाइन निर्माण की मांग रखी।

**पड़ताल** बीडीओ डीपीआरओ ने घर-घर जाकर परखी पात्रता

## आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत पर पहुंची जांच टीम

जागरण मोर्चा कार्यालय



शिकायतकर्ताओं से वात करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित किए जाने की शिकायतों के बाद जांच शुरू कर दी है। गठित टीम ने गांव पहुंच कर शिकायत करने वालों से जानकारी की। संपूर्ण समाधान दिवस में गांव की कई महिलाएं और ग्रामीण पूरनपुर पहुंचे थे,जहां उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर ग्राम प्रधान पर पात्र परिवारों की अनदेखी करने तथा आवास योजना के चयन में मनमानी का आरोप लगाया था। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि वे वर्षों से कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। कई दिव्यांग आवास योजना के पात्र है। इसके बावजूद उन्हें सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराने के निर्देश दिए थे। डीएम बुधवार को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) हेमंत यादव और जिले आए अधिकारी गांव पहुंचे, मनरेगा भवन में बुलाकर बैठक की। बैठक के दौरान एक-एक शिकायतकर्ता से अलग-अलग उनकी समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से आवास योजना में नाम शामिल कराने की मांग की, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। उनका आरोप था कि कई पात्र परिवार आज भी टूटे-फूटे और कच्चे मकानों में रहने को विवश हैं, जबकि कुछ ऐसे लोगों को योजना का लाभ मिल गया, जो पात्रता की श्रेणी में नहीं आते। अधिकारियों ने शिकायतों को भरोसा दिलाया कि किसी भी पात्र व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों के आधार पर की जाएगी। यदि कोई पात्र परिवार योजना से वंचित पाया जाता है तो उसे शासन की गाइडलाइन के अनुसार लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक समाप्त होने के बाद बीडीओ हेमंत यादव और डीपीआरओ राहुल भारती ने शिकायत करने वाले ग्रामीणों के घर-घर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मकानों की फोटो भी खिंचवा कर सत्यापन कराया। इस दौरान सचिव राहुल कनौजिया, नागेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान पुत्र अर्पित भारती,राम औतार सक्सेना,राकेश सहित कई मौजूद रहे।

## विरोध प्रदर्शन से पहले सपाइयों पर पुलिस की सख्ती, बुधवार को कई नेताओं को किया गया हाउस अरेस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय





हाउस अरेस्ट किए गए पूरनपुर क्षेत्र के सपा के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बुधवार को पुलिस प्रशासन ने पूरनपुर क्षेत्र के कई स्थानों पर समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को घरों में ही नजरबंद कर दिया। प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस ने सुबह से ही सक्रियता बढ़ा दी और कई सपाइयों के घर पहुंचकर उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर सपा नेताओं में भारी नाराजगी देखने को मिली। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सरकार के इशारे पर पुलिस लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर रही है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाना हर नागरिक और राजनीतिक दल का अधिकार है, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने से रोका जा रहा है। हाउस अरेस्ट किए जाने पर सपाइयों ने इसे तानाशाही रवैया बताते हुए कड़ा विरोध जताया। सपा नेताओं ने कहा कि सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी विपक्ष किसी मुद्दे को लेकर आंदोलन करता है तो पुलिस बल का इस्तेमाल कर उसे रोकने की कोशिश की जाती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर यह कदम उठाए गए हैं, ताकि किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था प्रभावित न हो। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति को रोकने के लिए निगरानी रखी जा रही है। हाउस अरेस्ट की कार्रवाई के बाद सपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई है। नेताओं ने चेतावनी दी है कि लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा और वे जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# अभिषेक नंबर-1, दूसरे पर गिल

## जिम्बाब्वे के खिलाफ T20- में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयों की लिस्ट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरा समाप्त होने के बाद भारतीय टीम 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे पहुंच गई है। 23 जुलाई से 26 जुलाई के बीच यह सीरीज होगी। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम में संजू सैमसन को नहीं चुना गया है। उनकी जगह वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग करते देखा जाएगा। वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में डेब्यू किया, लेकिन कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। भारतीय टीम इससे पहले जिम्बाब्वे दौरे पर 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद गई थी। तब कोच गौतम गंभीर टीम से नहीं जुड़े थे। इस बार भी वह दौरे पर नहीं आए हैं।

### अभिषेक ने किया था डेब्यू




वीवीएस लक्ष्मण तब की तरह इस दौरे के लिए अब भी कोच हैं। अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए इसी सीरीज में डेब्यू किया था। शुभमन गिल कप्तान थे। उस सीरीज में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ भी खेले थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन की बात करें तो अभिषेक शर्मा शीर्ष पर हैं। उन्होंने 5 पारियों में 179 रन बनाए हैं। शुभमन गिल ने 5 पारियों में 170 रन बनाए हैं।

### टॉप-10 में केएल राहुल भी

यशस्वी जायसवाल ने 3 पारियों में 141 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 3 पारियों में 133 रन बनाए। केएल राहुल के नाम 4 पारियों में 120 रन हैं। संजू सैमसन ने 4 पारियों में 113 रन बनाए हैं। सुरेश रैना ने 2 पारियों में 100 रन बनाए हैं। मुरली विजय ने 4 पारियों में 98 और सूर्यकुमार यादव ने 2 पारियों में 91 रन बनाए हैं।

### कुशाग्र का शतक

## यश और मनल ने ठोके पचासे

**नई दिल्ली।** इंडिया अंडर 19 और श्रीलंका अंडर 19 के बीच दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। पहले दिन के खेल में 65 ओवर ही हो पाए और शुरुआत में बारिश के कारण मैच प्रभावित रहा। भारतीय टीम की टॉस हारकर पहले खेलते हुए शुरुआत डगमगा गई थी। 0 रन पर भारत ने 2 विकेट गंवा दिए थे। उसके



बाद कुशाग्र ओझा ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। वहीं कप्तान यशवर्धन चौहान और मनल चौहान ने अर्धशतकीय पारी खेलकर भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 3 विकेट पर 253 रन बनाए हैं। श्रीलंका ने इस मैच में टॉस जीता था और पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम जब पहले बल्लेबाजी करने उतरी तो शुरुआत बेहद खराब रही। दोनों ओपनर्स खाता भी नहीं खोल पाए और पवेलियन लौट गए। पहले 6 ओवर में भारत ने एक भी रन नहीं बनाया था।

### दिग्गज को आया गुस्सा, टीम इंडिया के हेड कोच को घेरा

# 'रोहित नहीं गौतम की जगह पर सवाल उठने चाहिए'

**रोहित शर्मा ने लॉर्ड्स में 138 रन की पारी खेलते हुए सभी आलोचकों की बोलती बंद कर दी है। मगर टीम इंडिया की हार के बाद मैनेजमेंट और हेड कोच गौतम गंभीर पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। भारत के पूर्व ओपनर ने तो साफतौर पर उनकी जगह पर ही सवाल कर दिया है।**





**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स वनडे में 138 रन की बेहतरीन पारी से सभी आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। उन्होंने अपने वनडे करियर के खत्म होने की चल रही अटकलों पर भी विराम लगा दिया है। जबकि पिछले एक साल में भारत की यह तीसरी बड़ी टीम के खिलाफ वनडे सीरीज में हार भी है। इसके बाद टीम इंडिया के हेड कोच और चयन समिति पर सवाल उठने लगे हैं। इसी कड़ी में भारत के पूर्व ओपनर कृष्णमचारी श्रीकांत ने गौतम गंभीर को बुरी तरह लताड़ा है।

श्रीकांत ने यहां तक यह भी कहा कि रोहित शर्मा की जगह पर नहीं बल्कि गौतम गंभीर की जगह पर सवाल उठने चाहिए। भारत ने गंभीर के कार्यकाल में चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 वर्ल्ड कप 2026 जरूर जीता है लेकिन इस दौरान घर पर साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज हार, न्यूजीलैंड से वनडे सीरीज हार, न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर टेस्ट सीरीज हार, आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज हार और अब इंग्लैंड में टी20 और वनडे सीरीज में बुरी तरह हार, देखने के मिली हैं।

- **श्रीकांत ने हेड कोच गंभीर पर किया हमला–** कृष्णमचारी श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो में टीम इंडिया के मैनेजमेंट को बुरी तरह लताड़ लगाई है। उन्होंने कहा, 'यह भारतीय टीम के सबसे खराब समय में से एक है। मैनेजमेंट और उसकी चयन प्रक्रियाओं में लगातार की जा रही गलतियां हैरान कर रही हैं। गौतम गंभीर को हर मैच में नए खिलाड़ी चाहिए हैं। आप कैसे इस मैनेजमेंट के कार्यकाल में टिक पाएंगे। आप जबरन रोहित शर्मा को बाहर करना चाहते हैं, आपको कौन बाहर करेगा?

### रोहित शर्मा ने 'लॉर्ड' के बल्ले से लॉर्ड्स में लगाया शतक, बचपन के दोस्त ने खुद किया खुलासा

भारत के पूर्व विश्व चैंपियन खिलाड़ी ने यह भी कहा, 'हम घर पर टेस्ट मैच हारे, टी20 में हमारी बेइज्जती हुई और ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड में जाकर हम वनडे भी हारे। उनकी (गौतम गंभीर की) टीम के अंदर पोजिशन पर सवाल उठने चाहिए, रोहित शर्मा की नहीं। मैंने कभी इस तरह का टीम सेलेक्शन और मैनेजमेंट का हाल अपनी जिंदगी में नहीं देखा। एक दो अच्छे परफॉर्मेंस के अलावा इंग्लैंड में हम बुरी तरह फेल हुए।' उन्होंने इसके अलावा केएल राहुल को नीचे बल्लेबाजी के लिए उतारने पर भी सवाल उठाए हैं। श्रीकांत का मानना है कि इशान किशन और श्रेयस अय्यर को नीचे आना चाहिए। केएल राहुल नंबर 4 के बल्लेबाज हैं। वह आते ही हिट नहीं कर सकते हैं बल्कि वह पारी को संभालने और स्थिरता देने में सक्षम हैं। अब देखना होगा कि इतनी आलोचनाओं के बाद मौजूदा भारतीय टीम मैनेजमेंट की आंखे कब खुलती हैं? लगातार टीम के अंदर चयन और प्लेइंग कॉम्बिनेशन पर सवाल उठ रहे हैं।

### बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज के लिए

# ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित



## कमिंस समेत 3 खिलाड़ियों की वापसी, लाबुशेन का भी चयन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (21 जुलाई) को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया है। जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और कप्तान पैट कमिंस की वापसी हुई है। खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन की भी जगह टीम में बरकरार है। पिछली गर्मियों में एशेज में तीनों खिलाड़ी चोटिल थे। हेजलवुड हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन से ठीक होने के दौरान अकिलीज इंजरी के कारण पूरी एशेज नहीं खेल पाए थे। लियोन ने एडिलेड में तीसरे टेस्ट में हैमस्ट्रिंग इंजरी के बाद सर्जरी करवाई। एडिलेड टेस्ट ही एकमात्र ऐसा मैच था, जिसमें कमिंस ने हिस्सा लिया था। उन्होंने पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी की थी।

**हेजलवुड-कमिंस की आईपीएल 2026 में मैदान पर लौटे–** ऑस्ट्रेलिया के एशेज जीतने के बाद एहतियात के तौर पर वह आखिरी दो टेस्ट मैचों में नहीं खेले। हेजलवुड और कमिंस भारत और श्रीलंका में हुए टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर हो गए थे। दोनों की इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (आईपीएल 2026) में वापसी हुई। दूसरी ओर, लियोन ने एडिलेड टेस्ट के बाद से कोई कॉम्पिटिटिव मैच नहीं खेला है।

### हारने के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर बैन होने का खतरा

# FIFA कर रहा खिलाड़ियों से लड़ाई की जांच





**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद स्पेन के खिलाड़ियों से अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने लड़ाई कर ली थी। इसके कारण लियोनल मेसी की अगुआई वाली टीम के खिलाड़ियों पर प्रतिबंधित होने का खतरा मंडरा रहा है। फीफा ने न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार (20 मई) को फाइनल के बाद हुई लड़ाई की जांच शुरू कर दी है।

स्पेन ने एक्स्ट्रा टाइम में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर अपना दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप खिताब जीता, लेकिन आखिरी सीटी बजने के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हुई लड़ाई ने जश्न को फीका कर दिया। स्पेन के जश्न के दौरान उनके खिलाड़ियों से अर्जेंटीना के कई खिलाड़ी भिड़ गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को क्या मिल सकती है सजा

फीफा के अनुशासन संहिता के अनुच्छेद 14 के तहत, हिंसक व्यवहार के दोषी पाए जाने वाले खिलाड़ियों को कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध झेलना पड़ सकता है। हमला, कोहनी मारना, मुक्का मारना, लात मारना, काटना, थूकना, विरोधी टीम या मैच ऑफिशियल के अलावा किसी और को मारने पर भी तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

**और क्या सजा मिल सकती है–** कोई भी प्रतिबंध तब लागू होगा जब अर्जेंटीना अगली बार आधिकारिक मैच खेलेगा। खिलाड़ियों के प्रतिबंध के अलावा अगर फीफा यह नतीजा निकालता है कि राष्ट्रीय टीम ने गलत व्यवहार किया है तो अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (AFA) पर भी अनुशासनिक कार्रवाई हो सकता है।

# 'वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत की आर्थिक गति मजबूत', जानिए आरबीआई की बुलेटिन में क्या

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीनतम बुलेटिन के अनुसार, भारत वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। देश ने जून 2026 तक अपनी आर्थिक गतिविधियों की गति को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के संकेतक लगातार मजबूत बने हुए हैं। यह वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की दृढ़ता को दर्शाता है।

आरबीआई ने बुलेटिन में बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चित आर्थिक माहौल, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं और खंडित व्यापारिक संबंधों से जूझ रही है। इन चुनौतियों के बावजूद, भारत ने अपनी आर्थिक गतिविधियों की गति को बनाए रखा है। बुलेटिन के अनुसार, कृषि क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून में असमानता देखी जा रही है। हालांकि, पर्याप्त खाद्यान्न भंडार से खाद्य मुद्रास्फीति पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सकता है।

केंद्रीय बैंक ने यह भी बताया कि 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान बाह्य व्यापार में गति मजबूत बनी रही। यह निर्यात और आयात दोनों में उच्च वृद्धि से परिलक्षित होता है। हाल ही में भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते के संचालन से इस गति को और मजबूती मिलने की संभावना है। अन्य द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में प्रगति भी सहायक होगी। बुलेटिन में कहा गया है कि भारत के लिए बाह्य संकेतक मजबूत बने हुए हैं। हाल के महीनों में विदेशी निवेश में सुधार देश की अर्थव्यवस्था में विश्वास की बहाली का संकेत देता है।

**क्या वैश्विक अर्थव्यवस्था चुनौतियों से घिरी है?**

आरबीआई ने वैश्विक मोर्चे पर कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था उच्च अनिश्चितता के एक अशांत दौर से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम वार्ता के टूटने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क एक बार फिर बाधित हुआ है। इससे नाजुक सुधारों को झटका लगा है। हालांकि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी परिवर्तन से जुड़े निवेश वैश्विक अर्थव्यवस्था को समर्थन देना जारी रखे हुए हैं। जून तक पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से वित्तीय बाजारों और कारोबारी भावना को स्थिर करने में मदद मिली थी। लेकिन यह शांति अल्पकालिक साबित हुई। जुलाई की शुरूआत में शांति व्यवस्था के पतन ने वैश्विक व्यापार और मुद्रास्फीति के जोखिमों के दृष्टिकोण को फिर से अनिश्चितता के क्षेत्र में धकेल दिया है।

**भारत ने कैसे दिखाई है अपनी मजबूती?**

भारतीय रिजर्व बैंक ने आगे कहा कि वैश्विक स्तर पर, वृद्धि के दृष्टिकोण के लिए जोखिम नकारात्मक पक्ष की ओर झुका हुआ है। यह पश्चिम एशिया में नए सिरे से तनाव की संभावना के कारण है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और लगातार मुद्रास्फीति का दबाव भी इसमें शामिल है। इन वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद, बुलेटिन में कहा गया है कि भारत ने लचीलापन दिखाना जारी रखा है। यह स्थिर आर्थिक गतिविधि, मजबूत औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन से समर्थित है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




# सहकारिता क्षेत्र में एआई और डिजिटल मंचों से प्रशिक्षण को मिल रहा बढ़ावा, जानिए क्या बोले अमित शाह

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल मंचों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे शिक्षण पद्धति और पेशेवरों की क्षमता में वृद्धि होगी।

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल मंचों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। यह पहल शैक्षणिक, प्रशिक्षण और संस्थागत स्तर पर की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक बनाना है।

शाह ने राज्यसभा में दिए एक लिखित जवाब में यह बात कही। उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी-आधारित शिक्षण पद्धति और शिक्षण मंचों को अपनाया जा रहा है। पंजाब के आरआईसीएम, चंडीगढ़ जैसे सहकारी प्रशिक्षण संस्थान इसमें शामिल हैं। इन उपायों से शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा



है। स्मार्ट कक्षाएं इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनमें इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड और प्रोजेक्टर का उपयोग किया जा रहा है। आईसीटी-सक्षम शिक्षण उपकरण भी इसमें शामिल हैं। मिश्रित शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें ई-सामग्री, ऑनलाइन कक्षाएं और शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) शामिल हैं। डिजिटल शिक्षण पहलों की समय-समय पर समीक्षा भी की जाती है।

शिक्षण प्रबंधन प्रणाली (एलएमएस) के माध्यम से छात्र कहीं भी और कभी भी सीख सकते हैं। ई-सामग्री छात्रों को डिजिटल प्रारूप में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराती है। ऑनलाइन कक्षाएं दूरस्थ शिक्षा को संभव बनाती हैं। इंटरैक्टिव डिजिटल बोर्ड और प्रोजेक्टर कक्षाओं को अधिक आकर्षक बनाते हैं। आईसीटी-सक्षम शिक्षण उपकरण शिक्षकों को बेहतर तरीके से पढ़ाने में मदद करते हैं। इन सभी उपायों से शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन रही है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।